


बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 19 अगस्त 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 203 | मूल्य - 5 रुपये






## कॉक्रोच जनता पार्टी ने एफआईआर रद्द करने की न्यायालय की कोशिश का प्रतिरोध करने पर दी सरकार को चेतावनी..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) ने मंगलवार को केंद्र पर आरोप लगाया कि वह छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने की उच्चतम न्यायालय की कोशिशों को बाधित कर रही है। कॉजपा ने साथ ही मांग की कि पुलिस की ज्यादतियों और हिंसा के आरोपों की जांच के लिए अदालत***




द्वारा घोषित उच्च अधिकार प्राप्त समिति में उनके सदस्यों को भी शामिल किया जाए। कॉजपा के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने संवाददाताओं से कहा, ''अगर सरकार 25 जुलाई के वादों को पूरा करने की दिशा में तुरंत ठोस कदम नहीं उठाती है, तो कॉजपा अगले दो दिनों के भीतर अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बुलाएगी ताकि देशव्यापी कार्रवाई के अगले कदम पर फैसला किया जा सके।'' उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्राथमिकी वापस लेने, प्रदर्शनकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई नही करने और प्रभावित परिवारों को मुआवज़ा देने का वादा किए जाने के बाद, संगठन ने 25 जुलाई को अपना देशव्यापी आंदोलन वापस ले लिया था। दास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से देश भर में छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की सूची मांगी थी, ताकि वह अनुच्छेद 142 के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल करके उन्हें एक ही बार में रद्द करने पर विचार कर सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के वकील ने सूची देने का वादा नहीं किया, बल्कि इस कदम का विरोध किया। दास ने कहा कि अगर सरकार 25 जुलाई के वादों को पूरा करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाती है, तो कॉजपा की राष्ट्रीय कार्य समिति अगले दो दिनों में बैठक करेगी। उन्होंने कहा, ''कॉजपा की आगे की रणनीति पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करेगी कि भारत सरकार अब क्या करने का फैसला करती है।''

उच्चतम न्यायालय परिसर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में कॉजपा के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर और उसके आसपास प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सरकार से तीन बार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की सूची मांगी। उन्होंने सरकार से उन मामलों की सूची न्यायालय को सौंपने की मांग की, जिन्हें रद्द किया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय में मंगलवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई हुई, जिनमें परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर कॉजपा के नेतृत्व में छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बर्बर कार्रवाई के आरोप लगाए गए। न्यायालय में पुलिसकर्मियों के खिलाफ हिंसा के आरोप वाली याचिकाओं पर भी सुनवाई हुई। दास ने बताया कि याचिकाकर्ता छात्रों ने अपनी वकील वृंदा ग्रोवर के माध्यम से शीर्ष अदालत से अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल करते हुए देशभर में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का आग्रह किया। दास के मुताबिक, ग्रोवर ने न्यायालय से कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे कदम पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह समेत केंद्र के प्रतिनिधियों ने 25 जुलाई को प्रदर्शनकारियों की मांगों को मान लिया था, जिसके बाद आंदोलन खत्म कर दिया गया था। दास ने कहा, सरकार ने आज उच्चतम न्यायालय के समक्ष यह प्रतिबद्धता नहीं जताई कि वह प्राथमिकी की सूची उपलब्ध कराएगी। उच्चतम न्यायालय ने आज सरकार से तीन बार कहा कि आपको यह सूची देनी चाहिए, तभी हम प्राथमिकी रद्द करेंगे। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने (कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक की घटना के चलते आत्महत्या करने वाले अभ्यर्थियों के परिजन को) मुआवजे के संबंध में दिए गए अपने आश्वासन को भी पूरा नहीं किया है और कॉजपा के प्रतिनिधियों के साथ आगे की बैठकें भी नहीं की हैं। कॉजपा प्रवक्ता ने कहा, अगर आपने कोई प्रतिबद्धता जताई है, तो आपको उसका सम्मान करना होगा। आपने मुआवजे और प्राथमिकियों के संबंध में जो भी वादे किए थे, उन्हें आप पूरा नहीं कर रहे हैं। आपने पूरे देश के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए कदम नहीं उठाती है, तो कॉजपा की राष्ट्रीय कार्य समिति बैठक कर आगे की रणनीति तय करेगी। दास ने कहा, अगर देश के युवाओं को फिर से सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया गया, तो इस बार यह सरकार के लिए ठीक नहीं होगा। कॉजपा के कानूनी मामलों की प्रमुख रत्ना सिंह ने कहा कि संगठन और सरकार के प्रतिनिधियों के बीच पिछली बैठक दो अगस्त को हुई थी, जिसके बाद वकीलों से राय-मशविरा के आधार पर तैयार एक मसौदा साझा किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि एक और बैठक के अनुरोध पर सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## मध्यप्रदेश के भिंड में ट्रक और डंपर की टक्कर में 8 मजदूरों की मौत, 32 घायल

**भिंड/लखीमपुर खीरी (भाषा)।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में एक ट्रक के डंपर से टकराने के कारण आठ मजदूरों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग पर छिमका गांव के पास सोमवार देर रात करीब एक बजे हुआ। उसने बताया कि ये मजदूर ग्वालियर में धान की रोपाई का काम पूरा करने के बाद ट्रक में सवार होकर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में अपने गांव लौट रहे थे। गोहद चौराहा के थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राजमार्ग पर बैठे मवेशियों से बचने की कोशिश में ट्रक चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। यादव के मुताबिक वाहन गलत दिशा में चला गया और सामने से आ रहे डंपर से उसकी सीधी टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई मजदूर उसमें फंस गए। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में 32 अन्य मजदूर घायल हुए हैं। यादव ने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक में फंसे मजदूरों को बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि सभी घायलों को गोहद के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल मजदूरों को ग्वालियर रेफर कर दिया गया। लखीमपुर खीरी की पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने आठ लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए हादसे पर दुख जताया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मृतकों में छह की पहचान हो गयी है। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान मोहम्मदी क्षेत्र के बेला तुरसिया गांव के निवासी उपदेश, अमर सिंह, सुखदेव और रजनीश, हरना नेओली गांव के सुभाष और पसगवा क्षेत्र के किशनपुर अजीत गांव गांव के गुड्डू (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। मोहम्मदी थाना प्रभारी उमेश चौरसिया ने बताया कि मृतकों और घायलों के परिवार के कुछ सदस्य दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। बेला तुरसिया गांव की प्रधान सरला देवी के बेटे अंकित ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद कई मजदूरों के परिवार वाले भिंड पहुंच गए हैं।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# जनसुनवाई में कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में अधिकारियों ने सुनी समस्याएं, 118 ने दिये आवेदन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 18 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल, विजय यादव तथा एसडीएम गोपाल सोनी ने समस्याएँ सुनीं और विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 118 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

कटंगी तहसील अंतर्गत बाहकल के जितेंद्र वगारे मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की ऋण राशि भुगतान नही किये जाने की शिकायत लेकर पहुंचे। जितेंद्र का कहना था कि उसने योजना के तहत सेंट्रिंग व्यवसाय हेतु सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आगरी में आवेदन दिया था, अब तक उसे राशि प्राप्त नही हुई। उसने शाखा प्रबंधक पर टालमटोल का आरोप लगाया। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को कार्यवाही के निर्देश दिये गए है। बालाघाट तहसील अंतर्गत रट्टा के जानुसिंह तेकाम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आये थे। उसे किसान सम्मान निधि की 03 किश्त मिली लेकिन चौथी किश्त से उसे राशि मिलना बंद हो गई। उसने बताया कि हल्का पटवारी से जानकारी प्राप्त करने पर टालमटोल किया जाता है। इस प्रकरण में तहसीलदार बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

तहसील तिरोडी निवासी भुषण खेलकर सांप द्वारा उसके बैल को काटे जाने पर मुआवजा राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि विगत तीन माह पहले खेत में सांप द्वारा उसके बैल को काटे जाने के पश्चात बैल की मृत्यु हो गई है। बैल की मृत्यु उपरांत उसने मुआवजे की राशि के लिए तिरोडी तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था किंतु अब तक उसे शासन से मुआवजा की राशि प्राप्त नही हुई है। इससे उसकी आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड रहा है। अतः शीघ्र मुआवजा की राशि प्रदान की जाए। इस प्रकरण में तिरोडी तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। जनसुनवाई में बिरसा तहसील के ग्राम पटेलटोना निवासी बनिया हिरवाने भूमि सीमांकन में हो रही देरी की समस्या लेकर आये थे। बनिया ने बताया कि उसने 26 मई को भूमि सीमांकन के संबंध में जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन वर्तमान समय तक आरआई और पटवारी द्वारा उनकी शिकायत का संतोषजनक निराकरण नहीं किया गया है। उसका कहना है कि भूमि का सीमांकन तो किया जा चुका है, लेकिन उनकी पूरी जमीन को सीमांकन में शामिल नहीं किया गया है। इस कारण वह अपनी भूमि के पूर्ण सीमांकन और मामले के उचित निराकरण की मांग को लेकर पुनः जनसुनवाई में पहुंचे। इस प्रकरण में तहसीलदार बिरसा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बालाघाट के वार्ड क्रमांक 23 के रहवासी दीनदयाल पुरम कॉलोनी की सड़क मरम्मत की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि कॉलोनी की मुख्य सड़क पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से जर्जर है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बने हुए हैं। नल पाइपलाइन कार्य के बाद सड़क की उचित मरम्मत नहीं होने से आवागमन मुश्किल और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। अतः वार्ड के रहवासियों ने प्रशासन से जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। इस प्रकरण में नगर पालिका सीएमओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। तिरोड़ी के वार्ड क्रमांक 10 निवासी चंदन वनवे खाद्यान्न पर्ची निरस्त हो जाने से हों रही असुविधा की शिकायत लेकर आये थे। चंदन का कहना था कि उसे वर्ष 2011 से खाद्यान्न मिल रहा था और उसका नाम बीपीएल सूची में शामिल था। किंतु वर्ष 2025 में पुत्र द्वारा आय प्रमाण पत्र बनवाए जाने के बाद उनकी खाद्यान्न पर्ची निरस्त कर दी गई। पिछले 9 माह से खाद्यान्न नहीं मिलने के कारण परिवार के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। अतः पात्रता पर्ची पुनः जारी की जाए। इस प्रकरण में जिला आपूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। लांजी तहसील के ग्राम पंचायत दिघोरी की निवासी सरिता जीवतोड़े प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सर्वे सूची में नाम जोडने की मांग लेकर आयीं थी।

# बालाघाट में जिला कांग्रेस कमेटी का धरना प्रदर्शन आंदोलन आज..

## घोटालों, अपराध और जनसमस्याओं को लेकर घेरेगी कांग्रेस भाजपा को

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं आंदोलन प्रभारी एडवोकेट अनूप सिंह बैस ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाघाट जिले में घटित हो रहे अपराध जिसमें गरीबों के चांवल में हेराफेरी, डबल मनी कांड, चरेगांव वसूली अग्निकांड, धान का समर्थन***

मूल्य एवं अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर आज दिनांक 19/08/2026 को दोपहर एक बजे से स्थानीय काली पुतली चौक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय उईके, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुश्री हीना कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व विधायक तामलाल सहारे की प्रमुख उपस्थिति में धरना प्रदर्शन होने जा रहा है।

आंदोलनप्रभारी अनुप सिंह बैस ने सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथीयों से उक्त आंदोलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने जनसुनवाई में रखा मांगों को, दी आंदोलन की चेतावनी..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रदेश के पेंशनर्स की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट ने मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत प्रस्तुत की। एसोसिएशन ने शासन से पेंशनर्स की समस्याओं पर पारस्परिक चर्चा कर शीघ्र समाधान किए***



जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो पेंशनर्स को मजबूर होकर संघर्ष का मार्ग अपनाना पड़ेगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा प्रदेश के पेंशनर्स की 13 सूत्रीय समस्याओं को लेकर 5 मार्च 2026 को ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद 17 अप्रैल 2026 को माननीय उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। चर्चा के परिणामस्वरूप 17 जुलाई 2026 को महंगाई राहत में सहमति प्राप्त करने की अनिवार्यता समाप्त करने का आदेश जारी किया गया। हालांकि, इसके बावजूद पेंशनर्स की कई महत्वपूर्ण मांगें अभी भी लंबित हैं। एसोसिएशन ने 12 सूत्रीय मांगों में महंगाई राहत का एरियर देने की मांग की। इसी प्रकार वेतन आयोग के एरियर सहित अन्य मांगों को अपने निवेदन में शामिल किया। निःशुल्क उपचार और पेंशन कार्यालय की मांग भी की। विद्युत मंडल के पेंशनर्स और चतुर्थ समयमान का मुद्दा उठाया। ओपीएस लागू करने की मांग की।

एसोसिएशन ने पेंशन, एनपीएस और यूपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओपीएस लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई है। साथ ही पेंशनर्स कल्याण मंडल, पेंशनर्स फोरम तथा संभागीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति सहित वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत समितियों के गठन के निर्देश जारी करने और इनकी नियमित बैठकें आयोजित करने की मांग की गई है। जहां समितियों का गठन नहीं हुआ है, वहां संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग भी की गई है।

**अशोक मिश्रा ने कहा कि एसोसिएशन शासन के साथ चर्चा के माध्यम से समस्याओं का समाधान चाहती है और इसके लिए संगठन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने शासन से एसोसिएशन को चर्चा के लिए दिनांक एवं समय की सूचना देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश के पेंशनर्स को मजबूर होकर आंदोलन एवं संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा।**

# सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान भोलेनाथ का किया रुद्राभिषेक, अटल जी को अर्पित किए श्रद्धा-सुमन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**



सावन माह के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज बालाघाट द्वारा स्थानीय काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में सर्व समाज के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया गया। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



कार्यक्रम के दौरान देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। समाज के सदस्यों ने उनके चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान, विचारों, सरल व्यक्तित्व और राजनीतिक जीवन को स्मरण किया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित राजेश पाठक, आदित्य पंडित, मुकेश तिवारी, निशांत मिश्रा, जोबी मिश्रा, अन्नपूर्णा तिवारी, पंडित राजेश दुबे, अरुण मिश्रा एवं देवेंद्र तिवारी सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

ब्राह्मण महिला कार्यकारिणी की संरक्षक अधिवक्ता श्रीमती साधना शुक्ला, मंजूलता तिवारी, शशि पुरोहित, अध्यक्ष श्रीमती संध्या दीक्षित, सचिव श्रीमती किरण तिवारी, कविता पाराशर, श्रद्धा पंडित, कौशल्या पाठक, समृद्धि शर्मा, शिल्पा अवस्थी, आकांक्षा पांडे, स्मिता मिश्रा, मालती मिश्रा, आरती पंडित, श्वेता, दुर्गेश शर्मा, माधुरी शर्मा, सुषमा दीक्षित, वैशाली तिवारी, रंजना तिवारी, पूनम मिश्रा, प्रतिमा तिवारी, श्वेता शर्मा एवं शुभदा सहित महिला कार्यकारिणी की सदस्य उपस्थित रहीं।

इसके अलावा नरेश तिवारी, श्रीमती प्रतिमा तिवारी, राजेश मिश्रा, नीलम मिश्रा, अनंत मिश्रा, सक्षम मिश्रा एवं समर्थ मिश्रा सहित समाज के अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक विचारों को बढ़ावा मिलता है। वहीं पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों और राष्ट्रसेवा की भावना को स्मरण करना समाज के लिए गौरव का विषय है।

## अटल पेंशन योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए

# बालाघाट जिला सहकारी बैंक के सीईओ अभिनव सिंह बघेल दिल्ली में सम्मानित..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रशासक श्री कुमार सत्यम के मार्गदर्शन तथा शीर्ष बैंक भोपाल के अधिकारियों के निरंतर सहयोग से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट ने अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में एक बार फिर उल्लेखनीय उपलब्धि***




हासिल की है। बैंक के मुख्यालय, शाखाओं एवं समितियों के अधिकारियों-कर्मचारियों के अथक प्रयासों के चलते बैंक को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (क्स्न्रक्रष्ठ), नई दिल्ली द्वारा 14 अगस्त 2026 को आयोजित कार्यक्रम में अटल पेंशन योजना के अंतर्गत उत्तर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिनव सिंह बघेल को सम्मानित किया गया। पीएफआरडीए के अधिकारियों द्वारा श्री बघेल को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंधक लेखा श्री पी. जोशी भी उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद श्री अभिनव सिंह बघेल ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, उसकी शाखाओं और समितियों से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बैंक की पूरी टीम के निरंतर प्रयासों के कारण बालाघाट बैंक को अटल पेंशन योजना के क्षेत्र में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, प्रकाश साहू, श्रीमती लता गौतम, राजेश दुबे, दीपक देशमुख, आई.आर. भगत, मुकेश ठाकरे, ऋषि बिसेन, दिलीप रामटेके, मोरेश्वर फुन्डे, ऋषि हरिनखेड़े, राजेश नागपुरे, अशोक भंवरे, श्रीमती सीमा दुबे, सतीश कोरी, सारंग बिसेन, धनेंद्र कटरे, रौनक चौकसे, प्रतीक कुंडले, आशीष खोब्रागड़े, अमरेश परिहार, नीरज बिसेन, रूपचंद लिल्हारे, महेश मरकाम, श्रीमती सीमा खैरवार, गौरीशंकर मरठे सहित बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि के लिए श्री बघेल एवं पूरी बैंक टीम को बधाई दी।

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग
4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

आवश्यकता है..
बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, मो. 7000671780

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नगर पालिका सिवनी द्वारा गुरूनानक वार्ड में पानी की शुध्दता की जांच की गई





## एवं कीटनाशक दवाओं का किया गया छिड़काव..

जगप्रेरणा सिवनी।

***आज दिनांक 18 अगस्त 2026 को गुरूनानक वार्ड के नागरिको द्वारा जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर अपने वार्ड में पानी की शुध्दता की जांच करने ] सड़को की साफ-सफाई करने एवं मच्छरो के विनष्टिकरण हेतु***

वार्ड में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव करने के संबंध में मांग की गई थी जनसुनवाई से प्राप्त आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर पालिका सिवनी सीएमओ सुश्री दिशा डेहरिया द्वारा निकाय के संबंधित शाखा के कर्मचारियों को मांग अनुसार तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये निर्देशों के परिपालन में जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की गई एवं गुरूनानक वार्ड में पेयजल की शुध्दता की जांच की गई।

जांच के दौरान पेयजल की शुध्दता मानक स्तर पर सही पाई गई। वहीं स्वास्थ्य शाखा के कर्मचारियों द्वारा वार्ड में साफ-सफाई की गई एवं नालियों का कचरा निकाला गया एवं नालियों के आस-पास कीटनाशक दवाओ का छिड़काव किया साथ ही मच्छरो के विनष्टिकरण हेतु वार्ड में फोगिंग मशीन चलाई गई।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के स्टेज-3 सत्यापित लाभार्थियों के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 अगस्त को

जगप्रेरणा सिवनी।

***पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्टेज-3 सत्यापित लाभार्थियों के लिए 20 अगस्त 2026, गुरुवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी के सभागार में एक दिवसीय जागरूकता एवं***

क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के पारंपरिक शिल्पकारों एवं कारीगरों को आधुनिक तकनीक, डिजिटल कौशल और बाजार की नई संभावनाओं से जोड़ना है। इस दौरान लाभार्थियों को अपने पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिक स्वरूप देकर अधिक प्रभावी एवं लाभकारी बनाने के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस **(AI)** के व्यावहारिक उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। कारीगरों को डिजिटल कैटलॉग तैयार करने, एआई आधारित डिजाइनिंग टूल्स के उपयोग, उत्पादों की आकर्षक प्रस्तुति तथा ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से संवाद करने की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही निर्यात संवर्धन एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार विषय पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। स्थानीय उत्पादों को देश-विदेश के बाजार तक पहुंचाने के लिए निर्यात प्रक्रिया, पैकेजिंग मानक, गुणवत्ता नियंत्रण, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अवसरों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत उपलब्ध रियायती एवं बिना संपार्श्विक गारंटी ऋण, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेन-देन से संबंधित लाभ एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। लाभार्थियों को योजना के विभिन्न प्रावधानों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिलेगा। इसके अलावा डिजिटल मार्केटिंग एवं मार्केट लिंकेज पर भी विशेष सत्र आयोजित होगा। कारीगरों को ई-मार्केटप्लेस एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार एवं बिक्री करने तथा स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार से जोड़ने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में स्टेज-3 सत्यापित पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी, मास्टर ट्रेनर्स एवं संबंधित विभागीय अधिकारी सहभागिता करेंगे। जिले के सभी पात्र स्टेज-3 सत्यापित विश्वकर्मा भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में दिए जाने वाले तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# इंदिरा भवन कार्यालय में सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के इंदिरा भवन कार्यालय में आज महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।***

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी जी ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के छायाचित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश की स्वतंत्रता के लिए उनके अद्वितीय योगदान को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री नरेश मरावी ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। उनका जीवन साहसए त्यागए देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मिसाल है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और भारतीयों में स्वतंत्रता की भावना को नई ऊर्जा प्रदान की। श्री मरावी ने कहा कि नेता जी का प्रसिद्ध आह्वान तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आज भी प्रत्येक भारतीय के भीतर देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करता है। उनका संघर्ष और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए देश की एकताए अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में हाजी मो. हनीफ खान, जेण्पीण्एसण् तिवारीए सुरेन्द्र करोसिया, विष्णु करोसियाए शिव सनोडियाए प्रकाश सूर्यवंशीए रंजीत यादव, दुपेन्द्र लकी अमूले, तेजसिंह रघुवंशी, अशोक नरवेती, श्रीमती ललिता बघेल,योगेश चैधरी, नन्दू यादव, गनेश भगत, सतेन्द्र बघेलए राजेंद्र कंगाली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रहित एवं जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।




# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती मनायी जाऐगी..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में 20 अगस्त 2026, दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी की जयंती मनायी जाऐगी।***

इस दिन को समुचे भारत वर्ष में सद्भावना-दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसका उद्धेश्य देश में शांति, राष्ट्रीय एकता, भाईचारा और सम्प्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने भारत में कम्प्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नीव रखी थी, उनके द्वारा युवाओं को मतदान का अधिकार 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का कार्य किया था। पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय निकायों एवं पंचायतो में महिलाओं को आरक्षण देने का श्रेष्य स्वर्गीय राजीव गांधी जी को जाता है। 20 अगस्त को हम ऐसे युगपुरूष की जयंती मनाने जा रहें है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने जिला कांग्रेस, कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व विधायक गण, नगर ब्लॉक कांग्रेस, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि गण, वरिष्ठ कांग्रेस जन, जिला कांग्रेस सेवादल, जिला महिला कांग्रेस, जिला युवा कांग्रेस, जिला भा. रा. छात्रसंगठन, मंडलम, सेक्टर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला, जनपद, एवं नगरपालिका के निर्वाचिन जनप्रतिनिधि गण, जिला सोशल मीडिया के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित समस्त कांग्रेस जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति हेतु अपील की है।

# 01 जून से अब तक जिले में 621.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले में मानसून की गतिविधियां जारी हैं। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार***

01 जून से 18 अगस्त 2026 तक जिले में 621.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 18 अगस्त को जिले में 4.6 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई।

01 जून से 18 अगस्त तक हुई संचयी वर्षा के अनुसार सिवनी में 708.8 मिमी, बरघाट में 698.2 मिमी, लखनादौन में 715.7 मिमी, केवलारी में 615.4 मिमी, कुरई में 513.6 मिमी, धनौरा में 609.0 मिमी, छपारा में 530.8 मिमी तथा घंसौर में 581.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक कुल 4972.6 मिमी वर्षा तथा 621.6 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 825.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। तहसीलवार संचयी वर्षा में सिवनी में 690.8 मिमी, कुरई में 498.8 मिमी, बरघाट में 653.3 मिमी, केवलारी में 1029.0 मिमी, छपारा में 857.5 मिमी, लखनादौन में 894.2 मिमी, धनौरा में 736.9 मिमी तथा घंसौर में 1244.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

# विभागीय योजनाओं एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने जागरूकता कार्यक्रम 20 अगस्त को..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सिवनी द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय***

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार 20 अगस्त 2026, को प्रातः 11.00 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सिवनी के सभाकक्ष में किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों एवं इच्छुक हितग्राहियों को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापित करने के लिए उपलब्ध योजनाओं, सुविधाओं तथा आवश्यक प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। साथ ही औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित एक दिवसीय शिविर में उपस्थित होकर विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

जगप्रेरणा सिवनी।

***कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित किए जा रहे***

जिले में आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों के माध्यम से नागरिकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। शिविरों में उपस्थित नागरिकों को कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण, गीले एवं सूखे कचरे के उचित प्रबंधन तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

शिविरों में मॉडल, फ्लेक्स एवं डिजिटल माध्यमों से नागरिकों को संदेश दिया जा रहा है कि कचरे का उचित प्रबंधन केवल स्वच्छता तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य और जिम्मेदार नागरिकता से भी जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के अनुरूप प्रत्येक नागरिक द्वारा कचरे को अलग-अलग कर निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उसका उचित निपटान सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

इसी क्रम में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण और संग्रहण के लिए पृथक बॉक्स रखे जा रहे हैं। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे के स्रोत पर ही पृथक्करण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 258 आवेदन प्राप्त..

## कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सुनीं आमजन की समस्याएं..





जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 258 आवेदन प्राप्त हुए।***

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री नीलमणी अग्निहोत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर श्रीमती मीना ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के विभाग प्रमुखों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

आयोजित जनसुनवाई में तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम घोंघरीकला निवासी नरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन दुरुस्त कराये जाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कलेक्टर श्रीमती मीना ने आवेदक की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए तहसीलदार लखनदौन को नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। सिवनी निवासी शिवाल सिंह अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग को लेकर जनसुनवाई पहुंचे थे, कलेक्टर श्रीमती मीना ने सामाजिक न्याय विभाग को आवश्येक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। ग्राम टिंकी टोला निवासी राजाराम उइके द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसके लिए नायब तहसीलदार बंडोल को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

इसी तरह तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम केसलाकलां निवासी मीना बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बटवानी सिवनी निवासी प्रीति बघेल द्वारा मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम रनबेली सिवनी निवासी सुदामा बाई द्वारा निराश्रित पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम कोहका सिवनी निवासी रीना ब्रम्हवंशी द्वारा आकस्मिक मृत्यु होने पर मिलने वाली सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम सिमरिया सिवनी निवासी प्रभा झारिया द्वारा पीएम आवास योजना की किस्त दिलाये जाने विषयक, ग्राम नगझर सिवनी निवासी भागवती चौधरी द्वारा फसल नुकसानी का मुआवजा दिलाये जाने विषयक, अंबेडकर वार्ड सिवनी निवासी अनीता डोंगरे द्वारा नल कनेक्शन दिलाये जाने विषयक, ग्राम जैतपुरकला निवासी बालवती बघेल द्वारा बीपीएल कार्ड एवं राशन पर्ची बनाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम मोहगांवकला निवासी डोरीलाल पटेल द्वारा राजस्व अभिलेख नक्शा दुरुस्त कराये जाने विषयक, ग्राम भोमा सिवनी निवासी सरस्वती बाई द्वारा वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, कस्तूरबा वार्ड सिवनी निवासी साजिद हुसैन द्वारा संबल कार्ड योजना का लाभ दिलाये जाने संबंधी आवेदन सहित 258 आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# छपारा में सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र प्रारंभ..






जगप्रेरणा सिवनी।

***भारत सरकार की आपदा मित्र योजना अंतर्गत जिला सिवनी में आपदा मित्रों के द्वितीय चरण का सात दिवसीय प्रशिक्षण उप तहसील छपारा में प्रारंभ हुआ।***

इस चरण में 60 आपदा मित्रों का चयन कर उन्हें आपदा के समय प्रथम रिस्पांडर के रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस चयनित आपदा मित्रों का पंजीयन किया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षण के लिए आवश्यक पाठ्य सामग्री प्रदान की गई तथा प्रशिक्षणार्थियों में एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से लाल टी-शर्ट वितरित की गई। पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार श्री सौरभ मरावी उपस्थित रहे। साथ ही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रविन्द्र मीणा, नगर परिषद मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती गीता वाल्मीकि, बीडीओ श्री राकेश दुबे, उप निरीक्षक श्री सुक्खू लाल उइके, जनपद अध्यक्ष श्री सदम सिंह बरकडे, मिशन स्कूल के प्राचार्य श्री माइकल जॉन, प्लाटून कमांडर श्री धनेन्द्र अंगारे, एएसआई श्री आनंद कौशल सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने आपदा मित्र योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक अथवा मानवजनित आपदा की स्थिति में प्रारंभिक समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। ऐसे समय प्रशिक्षित आपदा मित्र स्थानीय स्तर पर प्रभावित लोगों तक तत्काल पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आपदा मित्रों को प्राथमिक स्तर पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा घायलों एवं प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने चयनित आपदा मित्रों को प्रथम रिस्पांडर के रूप में प्रशिक्षित होने पर बधाई दी तथा प्रशिक्षण के दौरान बताए जा रहे बचाव एवं राहत के तरीकों को गंभीरता और पूरी तत्परता से आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय घबराहट के बजाय धैर्य, सावधानी और प्रशिक्षित तरीके से कार्य करना आवश्यक है।सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव एवं राहत कार्य, प्राथमिक उपचार तथा प्रभावित एवं घायल व्यक्तियों को सुरक्षित सहायता उपलब्ध कराने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा मित्रों को स्थानीय स्तर पर सक्षम प्रथम रिस्पांडर के रूप में तैयार करना है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे प्रशासन एवं अन्य राहत-बचाव दलों के साथ समन्वय करते हुए प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर आपदा मित्रों में उत्साह देखा गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त होने वाली जानकारी एवं व्यावहारिक कौशल को गंभीरता से सीखकर आपदा के समय समाज एवं प्रशासन की सहायता करने का संकल्प लिया।



**विज्ञापन आमंत्रित है..**
संपर्क - मो. 9329033433





**विज्ञापन आमंत्रित है..**
संपर्क - मो. 9329033433


### विश्व मांगल्य सभा' की जिला बैठक संपन्न

# भारतीय संस्कृति के संरक्षण और मातृशक्ति के सशक्तिकरण पर हुआ मंथन





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यरत वैश्विक संगठन विश्व मांगल्य सभा की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक वारासिवनी में जिलाध्यक्ष डॉ. जय श्री अरोड़ा के निवास पर गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई।

बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी योजनाओं तथा सामाजिक जागरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। विश्व मांगल्य सभा : एक दृष्टि में बैठक के दौरान संगठन की पृष्ठभूमि एवं उसके वैश्विक स्वरूप पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि विश्व मांगल्य सभा की स्थापना 19 जनवरी 2010 को नागपुर, महाराष्ट्र में हुई थी। संगठन के संस्थापक पूज्य आचार्य स्वामी जितेंद्रनाथ जी महाराज हैं। संगठन के मार्गदर्शक पूजनीय सरसंघचालक मोहन भागवत जी हैं। वर्तमान में यह संगठन भारत सहित दुनिया के 14 देशों तथा देश के 33 प्रांतों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।संगठन का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति का सशक्तिकरण, परिवार प्रबोधन तथा संस्कार आधारित सामाजिक जागरण को बढ़ावा देना है।

### जिलाध्यक्ष डॉ. जय श्री अरोड़ा का उद्बोधन

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. जय श्री अरोड़ा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में राष्ट्र और समाज को संस्कारवान बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मातृशक्ति के कंधों पर है। पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों में सनातन जीवन मूल्यों और संस्कारों का बीजारोपण आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि विश्व मांगल्य सभा का मुख्य ध्येय प्रत्येक महिला के भीतर छिपे नेतृत्व एवं मातृत्व के गुणों को जागृत करना है। जब महिला सशक्त और जागरूक होती है, तो पूरा परिवार और समाज स्वतः प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। संगठन हर वर्ग की महिलाओं को ऐसा मंच प्रदान कर रहा है, जहां वे अपनी क्षमताओं को पहचानकर देश, समाज और संस्कृति के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

### जिला महासचिव श्रीमती मोनिका एलकर ने रखी आगामी योजनाओं की रूपरेखा

संगठन की जिला महासचिव श्रीमती मोनिका एलकर ने बैठक की कार्यसूची प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसकी जमीनी सक्रियता में निहित है। आगामी लक्ष्य जिले के प्रत्येक ब्लॉक एवं वार्ड स्तर तक विश्व मांगल्य सभा की इकाइयों का विस्तार करना है।उन्होंने आगे बताया कि संगठन से 17 पूर्णकालिक कार्यकर्ता (युवतियां) जुड़ी हुई हैं, जो देश भर में भ्रमण कर ऐसी महिलाओं को पहचानकर आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं जिन्हें अवसर या मंच नहीं मिल पा रहा है।

संस्था द्वारा हर तीन माह में प्रांत स्तर पर बैठकें आयोजित कर नई नियुक्तियां एवं संगठनात्मक कार्य किए जाते हैं।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही 'परिवार प्रबोधन' और 'संस्कार शालाओं' जैसे विशेष अभियानों की शुरुआत की जाएगी, ताकि संगठन के विचार एवं संस्कार आधारित संदेश प्रत्येक घर तक पहुंच सकें। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। गृहिणियों, कामकाजी महिलाओं एवं युवा युवतियों को संगठन से जोड़कर समाज में सकारात्मक वैचारिक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाएगा।

### 40 से अधिक महिलाओं की रही सहभागिता

बैठक में संगठन की पदाधिकारी एडवोकेट साधना शुक्ला, यामिनी त्रिवेदी, पूनम झा, नीतू अग्रवाल एवं मधु शुक्ला सहित वारासिवनी क्षेत्र की 40 से अधिक प्रबुद्ध महिलाओं ने सहभागिता की। उपस्थित महिलाओं ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा समाज निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन संगठन के कल्याण मंत्र के साथ हुआ

# विधिक जागरूकता शिविर में साइबर अपराध और संवैधानिक अधिकारों की जानकारी न्यायाधीश अंकिता जैन ने घरेलू हिंसा..

### निःशुल्क विधिक सहायता, साइबर सुरक्षा व न्यायिक प्रक्रिया की दी जानकारी






**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

वार्ड नंबर 9 स्थित वाल्मीकि मंदिर के पास आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, माननीया अंकिता जैन मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

न्यायाधीश अंकिता जैन ने महिलाओं एवं उपस्थित नागरिकों को घरेलू हिंसा, निःशुल्क विधिक सहायता, साइबर अपराध से बचाव, संवैधानिक अधिकारों एवं न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून एवं अपने अधिकारों की जानकारी होने से व्यक्ति किसी भी विपरीत परिस्थिति में समय पर उचित कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

### ओटीपी और 'डिजिटल अरेस्ट' से रहें सावधान

साइबर अपराधों से बचाव को लेकर न्यायाधीश महोदया ने बताया कि साइबर ठग बैंक अधिकारी, रिश्तेदार अथवा परिचित बनकर फोन कर ओटीपी, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं। किसी भी परिस्थिति में ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।उन्होंने बताया कि इन दिनों 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर भी लोगों को डराकर ठगी की जा रही है। साइबर अपराधी स्वयं को पुलिस, सीबीआई अथवा अन्य अधिकारी बताकर गिरफ्तारी का भय दिखाते हैं। ऐसे फर्जी कॉल से घबराने के बजाय तत्काल पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। साथ ही व्हाट्सएप या अन्य मैसेजिंग माध्यमों से प्राप्त अनजान .ड्डश्चद्म फाइलों को डाउनलोड नहीं करने तथा सोशल मीडिया पर फोटो के दुरुपयोग, ब्लैकमेलिंग या आपत्तिजनक सामग्री की स्थिति में तत्काल कानूनी सहायता लेने की जानकारी दी गई।

### संविधान और मौलिक अधिकारों पर प्रकाश

शिविर में डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए नागरिकों को मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। बताया गया कि संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक अधिकार तथा संवैधानिक उपचार का अधिकार प्रदान करता है। कानून की नजर में सभी नागरिक समान हैं और किसी भी प्रकार के भेदभाव से संरक्षण प्राप्त है।

### घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं को कानूनी राहत

न्यायाधीश अंकिता जैन ने घरेलू हिंसा से संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिला न्यायालय के माध्यम से सुरक्षा आदेश, निवास संबंधी राहत एवं भरण-पोषण प्राप्त कर सकती है। न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर कानून के अनुसार कार्रवाई का प्रावधान है।

उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र व्यक्ति आर्थिक स्थिति के कारण न्याय से वंचित न हो, इसके लिए विधिक सेवा समिति के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए न्यायालय परिसर स्थित विधिक सेवा समिति के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।

### सहयोग एवं आभार

कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यायालय विभाग से राहुल धुर्वे एवं सुपरवाइजर श्रीमती प्रीति राणे का सहयोग रहा। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सुजाता मेश्राम एवं सहायिका श्रीमती उषा डोंगरे उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा मुख्य अतिथि न्यायाधीश अंकिता जैन सहित उपस्थित महिलाओं एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अखंड भारत के संकल्प के साथ युवाओं में जगाई राष्ट्र चेतना..

### शिवम कॉलेज में संगोष्ठी का हुआ आयोजन



जगप्रेरणा कटंगी।

***शिवम कॉलेज कटंगी में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल प्रखंड कटंगी के तत्वावधान में ''अखंड भारत दिवस'' एवं विचार गोष्ठी का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया।***

कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं पूज्य संतों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। वक्ताओं ने देश विभाजन की त्रासदी और ऐतिहासिक संघर्षों का स्मरण कराते हुए युवाओं से राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं ने अखंड भारत की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता विहिप के प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख दिग्विजय सिंह राजपूत ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति, ऐतिहासिक गौरव और राष्ट्रीय मूल्यों को समझना युवाओं के लिए आवश्यक है।

उन्होंने सामाजिक भेदभाव समाप्त कर सामाजिक समरसता, राष्ट्रहित और एकजुटता के लिए कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवम कॉलेज के प्राचार्य रामचरित्र मिश्रा ने की।

इस अवसर पर विहिप जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, जिला सह मंत्री सुनील नागौसे, प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष पटले, जिला गौ रक्षा प्रमुख विक्की देशमुख, प्रखंड मंत्री विजेंद्र गोलेन्द्र, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनु चुटेलकर, बजरंग दल संयोजक निक्की ठाकुर, पूर्व खंड कार्यवाहक शेखर तुरकर एवं प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख सितेन्द्र पालीवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रणय श्रीवास्तव अश्क द्वारा लिखित महाकालेश्वर भगवान को समर्पित भजन की संगीत मय प्रस्तुति का लोकार्पण किया पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने..





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

आज मंगलवार दिनांक 18 अगस्त 2026 का दिन ऐतिहासिक रहा स्थानीय भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक मंच मध्य प्रदेश के तत्वावधान में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य, शिव दयाल पटले पूर्व बीआर सी की अध्यक्षता सुरेंद्र बिसेन महामंत्री एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रदेश अध्यक्ष डा प्रणय श्रीवास्तव के विशेष आतिथ्य में आयोजित एक भव्य लोकार्पण समारोह में उज्जैन के महाकालेश्वर भगवान को समर्पित एवं प्रणय श्रीवास्तव अश्क द्वारा रचित अनूप सिंह राठौर नईदिल्ली द्वारा स्वरबद्ध संगीतमय प्रस्तुति का आन लाइन लोकार्पण सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रदीप जायसवाल गुड्डा भैया द्वारा इस अवसर पर प्रणय श्रीवास्तव अश्क द्वारा किए जा रहे विश्व स्तरीय उल्लेखनीय साहित्यिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्जवल स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी गई।इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच की ओर से सभी का पुष्पहार से स्वागत किया गया।गणेश चूरहे ने स्वागत गीत की प्रस्तुति मधुर स्वरों से की।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रणय श्रीवास्तव अश्क ने स्व.अमृत लाल जायसवाल जी के रोचक संस्मरण सुनाते हुए वारासिवनी के साहित्यिक सांस्कृतिक इतिहास की जानकारी दी।मुख्य संचालन करते हुए मनोहर सिंह ठाकुर ने प्रणय श्रीवास्तव अश्क के द्वारा लंदन बुक ऑफ वर्ड रिकॉर्ड में दर्ज वैन गंगा अष्टक एवं स्त्रोत संस्कृत में ,वैन गंगा चालीसा एवं आरती हिन्दी में, मां चंदन चालीसा एवं आरती के साथ ही अब तक प्राप्त आठ सौ से अधिक सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र के साथ ही अनेकों राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशन की जानकारी दी। पार्षद विक्की ए डे ने प्रणय श्रीवास्तव अश्क को प्रतिभाशाली विश्व ख्यातिप्राप्त कलमकार बताते हुए साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की। महा मंत्री सुरेंद्र बिसेन ने कलम के धनी विद्वान व्यक्तित्व बताया। आभार व्यक्त करते हुए डी एल ए डे ने प्रणय श्रीवास्तव अश्क द्वारा रचित साई बाबा भजन, श्री राधा कृष्ण भजन शनि देव की आरती एवं महा कालेश्वर भजन को अनमोल धरोहर कहा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक मंच के हीरा सिंह चंदेल, मनीराम बिसेन प्रदीप खंडेलवाल, मनोहर सिंह ठाकुर,मनोहर बोकडे, रामेश्वर मसक रे,सुरेंद्र बिसेन, शिवदयाल पटले, गणेश चूरहे, जावेद खान, अशोक दुबे, संतोष आड़े पार्षद धरमु जोशी, विनोद् मिश्र एवं भाजपा के अनेकों पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने भजनो की संगीत मय प्रस्तुति सुनी।।


## शपथपत्र

**शपथकर्ता- रितेसिंह सैय्याम पिता कुमार सैय्याम जाति गोंड निवासी ग्राम धपेरा पो., मोहगांव तह. लालबर्रा जिला बालाघाट म. प्र., मैं शपथकर्ता निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :- यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का निवासी हूँ। यह कि, मेरा ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक MP5020230000324 है। उक्त लायसेंस में मेरा नाम REETS-INGH SAIYYAM पिता KUMAR SAIYYAM दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरा वास्तविक नाम REETESINGH SAIYYAM पिता का वास्तविक नाम KUMAR SAIYYAM है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य दस्तावोजों में दर्ज है। अतः शपथपत्र. के आधार पर मेरा वास्तविक नाम REETESINGH SAIYYAM एवं मेरे पिता का वास्तविक नाम KUMAR SAIYYAM को सत्य माना जावे एवं ड्रायविंग लायसेंस में दर्ज मेरा नाम REETSINGH SAIYYAM के स्थान पर मेरा वास्तविक नाम REETESINGH SAIYYAM पिता KUMAR SAIYYAM दर्ज किया जावे। यदि भविष्य में इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति या विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मुझ पर होगी।**

**सत्यापन- 'मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक घोषित करता हूं कि शपथपत्र में वर्णित समस्त कथन मेरे स्वज्ञान, विवेक व प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्य है अत शपथपत्र पढ़ व समझकर अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।'**

**बालाघाट**
**दिनांकः- 18-08-2026**

**शपथकर्ता**

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*


# सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल द्वारा उत्साह से मनाया गया सावन तीज सिंजारा महोत्सव..

### राधा कृष्ण की जीवंत झांकी ने सभी का मन मोहकर आकर्षण का केंद्र बनने का किया कार्य





**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल द्वारा सावन तीज सिंजारा महोत्सव श्री रामदेव बाबा मंदिर में उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमे सभी राजस्थानी महिलाओ ने सावन तीज का झूला पहले राधा कृष्णा स्वरूप को झुलाकर स्वयं भी इसमें शामिल होने का कार्य किया। कार्यक्रम मे बेहद उत्साह की बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधीयो को शामिल कर उसमे सफ्ल होने वाले प्रतियोगियो को पुरस्क्रत भी किया गया।

मण्डल की अध्यक्ष किरण शर्मा ने बताया की सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल द्वारा पिछले कई माह से राजस्थान की संस्क्रति और त्योहारो को बढावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस साल भी हमने सावन तीज सिंजारा महोत्सव के माध्यम से नयी पीढि को राजस्थानी संस्क्रति से अवगत कराने का प्रयास किया है। जिसमे सभी के उत्साह को देखकर और सहभागीता को देखकर प्रतित हो रहा है की समाज का यह प्रयास बेहद सफ्ल रहा है।

कार्यक्रम में गीत, नृत्य, गेम्स आदि एक्टीविटी से कार्यक्रम को एक नयी सफ्लता मिलते देखी गयी। सफ्ल प्रतियोगियों को पुरुस्कृत भी किया गया। विशेषकर सासु मां और बहुओ का फैशन शो और मम्मी के साथ बिटिया के न्रत्य ने सभी को प्रभावित भी किया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की जीवंत झांकी ने सभी का मन मोहकर आकर्षण का केंद्र बनने का कार्य किया।

कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में राजस्थानी महिला मंडल की अध्यक्ष किरण शर्मा सहित कार्यकारिणी मे श्रीमती प्रियंका शर्मा, पुष्पा शर्मा, संगीता अग्रवाल, भावना अग्रवाल सरिता अग्रवाल, राधिका खंडेलवाल, रीना खंडेलवाल, सीमा खण्डेलवाल, नेहा खंडेलवाल चारू शर्मा, रेखा खंडेलवाल, प्रीति शर्मा, तुलसी शर्मा, राखी खंडेलवाल, लक्ष्मी शर्मा, पदमा चैहान, अनू अग्रवाल, ईशानी,आशा खण्डेलवाल, गीता खण्डेलवाल, माया खण्डेलवाल, शोभा खंडेलवाल आदि का योगदान सराहनीय रहा।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बोदराघाटी जर्जर पुलिया से आवागमन प्रभावित, लोगो की बड़ी परेशानियां, बस एवं वाहन चालकों ने निकाला नया रास्ता..

जगप्रेरणा लांजी।

***स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लांजी के वनांचल ग्राम देवरबेली अंतर्गत बोदराघाटी की जर्जर पुलिया ने 16 अगस्त से लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर बसों के पहिये रोक दिए थे। पुलिया की हालत पहले से खराब थी, बारिश के बाद बड़े वाहनों के निकलने का खतरा बढ़ा तो लोक निर्माण विभाग ने सुरक्षा के नाम पर मार्ग बंद कर दिया।***

विभाग ने सतुझोरी से टेमनी, संदूका, सायर होते हुए सतीझोड़ी का करीब 12 किलोमीटर लंबा वैकल्पिक रास्ता बताया, लेकिन यह मार्ग बसों के अनुकूल नहीं होने से समस्या जस की तस बनी रही। आखिरकार बस संचालकों और चालकों ने दूसरा रास्ता तलाशा, वहीं सीआरपीएफजवानों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर इस मार्ग पर गिरे पेड़ और बड़ी-बड़ी शाखाएं हटाकर उसे आवागमन योग्य बनाया और दोनों ओर से बसों का संचालन शुरू कराया। वर्षा के कारण वैकल्पिक मार्ग पर कई पेड़ और उनकी बड़ी शाखाएं सड़क पर गिर गई थीं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित था। समस्या को देखते हुए एफ/07 बटालियन सीआरपीएफके जवानों ने कोरका गांव के मुखिया सोनू करकम, मोहन, हंस, फागुन, इकतु, मच्छुरदा की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और अन्य ग्रामीणों के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ों और शाखाओं को हटाया। रास्ता साफहोने के बाद दोनों ओर से बसों का आवागमन सुचारु रूप से शुरू कराया गया। यानी जिस वैकल्पिक रास्ते को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी सरकारी मशीनरी की थी, उसे स्थानीय ग्रामीणों और सुरक्षा बल ने अपने प्रयास से चालू करा दिया।

## पुलिया बंद, बसें खड़ी और जिम्मेदार विभाग बेखबर



लांजी-सालेटेकरी का करीब 60 किलोमीटर लंबा यह मार्ग दो दर्जन से अधिक वनांचल गांवों को मुख्य क्षेत्र से जोड़ता है। यहां बस केवल यात्री वाहन नहीं, बल्कि ग्रामीणों के लिए बाजार, अस्पताल, रोजगार और जरूरी कामों तक पहुंचने का प्रमुख साधन है। पुलिया बंद होने के बाद बस संचालकों के सामने सबसे बड़ी परेशानी यात्रियों को सुरक्षित लेकर निकलने की थी। विभाग ने जो परिवर्तित मार्ग सुझाया, उसमें संकरी सड़क, चढ़ाई और घुमावदार हिस्से हैं। बड़े वाहन चलाने वाले चालक ऐसे रास्ते पर बस निकालने में जोखिम महसूस कर रहे थे। ऐसे में बसें खड़ी हो गईं और ग्रामीण परेशान होने लगे। बस चालकों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। केवल कागज पर डायवर्जन घोषित करने के बजाय मौके की स्थिति देखकर ऐसा रास्ता तैयार करना जरूरी था, जिस पर बसें सुरक्षित चल सकें।

## 12 किलोमीटर अधिक, लेकिन घाट नहीं; चालकों ने खोज लिया बेहतर रास्ता

जब जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई व्यावहारिक विकल्प सामने नहीं आया तो बस संचालकों और चालकों ने स्वयं क्षेत्र के दूसरे रास्ते की तलाश शुरू की। देवरबेली, सतीझोड़ी, नल्लेझरी, सतोना, चिलकोना, कोरका और घटिया होते हुए धर्मसाल से मच्छुरदा निकलने वाला रास्ता सामने आया। यह मार्ग करीब 12 किलोमीटर अधिक है और सिंगल रोड है, लेकिन इसमें बड़े घाट नहीं हैं। इसी वजह से चालकों ने इसे मौजूदा परिवर्तित मार्ग की तुलना में अधिक उपयोगी माना।

## इतने सालों में भी इलाके की नब्ज नहीं पकड़ पाए एसडीओ साहब

लोक निर्माण विभाग लांजी के एसडीओ सुखराम नेवारे लंबे समय से क्षेत्र में पदस्थ हैं। ऐसे में उनसे यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वनांचल के मार्गों और ग्रामीणों की परिवहन पर निर्भरता की जमीनी स्थिति से वे परिचित होंगे। पुलिया पुरानी और जर्जर थी तो उसकी स्थिति का आकलन पहले किया जाना चाहिए था। पुलिया बंद करने की नौबत आई तो बसों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी तत्काल होनी चाहिए थी। लेकिन विभाग ने ऐसा रास्ता बताया, जिसे बस चालक बड़े वाहनों के लिए सुरक्षित नहीं मान रहे थे। दूसरे व्यावहारिक मार्ग की तलाश भी विभाग ने नहीं की।

सवाल यह है कि लंबे समय से पदस्थ अधिकारी यदि अपने कार्यक्षेत्र के गांवों को जोड़ने वाले रास्तों और लोगों की जरूरत को समय रहते नहीं समझ पाएंगे तो वनांचल की सड़क व्यवस्था कैसे सुधरेगी? जब बस संचालक और चालक नया रास्ता खोज सकते हैं और सीआरपीएफजवान ग्रामीणों के साथ मिलकर उसे साफकर सकते हैं, तो लोक निर्माण विभाग की मशीनरी मौके पर क्यों नहीं पहुंच सकी?

## नीचे लटके विद्युत तार बने नई चुनौती

नए मार्ग पर ग्राम देवरबेली में विद्युत तार काफी नीचे लटके हुए हैं। बसों और अन्य बड़े वाहनों के गुजरने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर सीआरपीएफ की एफ कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर आर.एल. भगत ने विद्युत विभाग लांजी के सहायक अभियंता/कनिष्ठ अभियंता को पत्र लिखकर मौके का निरीक्षण कर तारों को व्यवस्थित कराने की मांग की है। नए रूट से बस सेवा शुरू होने के बाद देवरबेली, सतीझोड़ी, नल्लेझरी, सतोना, चिलकोना, कोरका और घटिया सहित आसपास के गांवों में राहत है। दूरी करीब 12 किलोमीटर बढ़ गई है, लेकिन लोगों को आवागमन का साधन वापस मिल गया है। ग्रामीणों और बस संचालकों ने इस मार्ग को आधिकारिक डायवर्जन घोषित करने, सड़क की जरूरी व्यवस्था करने और विद्युत तारों को दुरुस्त कराने की मांग की है।

बोदराघाटी की पुरानी पुलिया को लेकर लोनिवि का कहना है कि वह मरम्मत योग्य नहीं है और नई पुलिया बनाई जाएगी। बारिश थमने के बाद मोंघे डालकर एप्रोच रोड तैयार करने की योजना भी बताई गई है। लेकिन नई पुलिया बनने तक ग्रामीणों को सुरक्षित परिवहन देना विभाग की जिम्मेदारी है। फिलहाल उसका व्यावहारिक समाधान ग्रामीणों, बस संचालकों, चालकों और सीआरपीएफने निकाल दिया है। अब देखना यह है कि लोक निर्माण विभाग इस वैकल्पिक व्यवस्था को मजबूत करता है या फिर अगली बारिश में दोबारा बसों के पहिये थमने का इंतजार करता है।

# पी एम श्री कन्या उमावि में स्वतंत्रता दिवस पर निकाली रैली

## अंग्रेजी में सर्वोच्च्य अंक लाने पर हुआ विद्यार्थियों का सम्मान



जगप्रेरणा लांजी।

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य पी.के. भीमटे द्वारा भारत माता एवं महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। सुबह 7:30 बजे प्राचार्य पी.के. भीमटे ने ध्वजारोहण किया, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ।

## मेधावी छात्राओं का सम्मान

सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अंग्रेजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली निधि ढोक, संध्या घोरमारे एवं प्रांशु सातपुते को शिक्षक बसंत रामटेके ने सम्मानित किया। वहीं कक्षा 10वीं में हिंदी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का शिक्षक सरस्वती बिल्हारे ने सम्मान किया।

## बैंड की धुन पर निकली तिरंगा रैली

कार्यक्रम के बाद विद्यालय से बैंड-बाजे के साथ भव्य तिरंगा रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सुभाष चौक बस स्टैंड पहुंची। यहां विधायक राजकुमार करांहे ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद रैली रानी अवंती बाई स्टेडियम पहुंची, जहां मुख्य समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक बसंत रामटेके ने किया। आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफकी उपस्थिति रही और पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# देशी, विदेशी अवैध शराब जप्त, एक आरोपित गिरफ्तार

जगप्रेरणा लांजी।

***अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के निर्देशन में विभाग की टीम ने कोचेवाही गांव में कार्रवाई करते हुए 118.6 लीटर देशी एवं विदेशी शराब जब्त की है।***



कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोचेवाही में कार्रवाई के दौरान निखलेश गेडाम को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 118.6 लीटर देशी और विदेशी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत सहित अन्य विवरणों के संबंध में विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आबकारी उपनिरीक्षक कौस्तब नेताम ने बताया कि मामले में आरोपी निखलेश गेडाम को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में आगे की कार्रवाई जारी है। साथ ही शराब के स्रोत और उससे जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक कौस्तब नेताम के साथ आरक्षक राहुल महोबिया एवं आरक्षक कपिल टांडेकर शामिल रहे। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध अभियान के तहत आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

# जनता दरबार मे विभिन्न समस्याओ का समाधान कर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने आम नागरिको व नपा प्रशासन के बीच दूरी को किया कम..

## नगर मे दिनभर विचरण करने वाले आवारा पशुओ व आवारा कुत्तो को तत्काल पकडने के दिये गये निर्देश..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

नगर पालिका परिषद का जनता दरबार आम नागरिको और नपा प्रशासन के बीच की दुरी को कम करने का प्रभावी माध्यम बन गया है। आज भी बरसते पानी मे आकर नगरवासीयो ने अपनी व्यक्तिगत और वार्ड सहित नगर की समस्याओ को सीधे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री श्रीमती अंशिका चैहान के समक्ष रखकर समाधान की दिशा मे कदम बढाये।

जनता दरबार मे आज सबसे पहले सोशल मिडिया और नागरिको की शिकायत पर सडको पर आवारा पशुओ के जमघट व आवारा कुत्तो की बढती संख्या को गंभीरता से लिया गया। तत्काल नपा की टीम को बुलवाकर बकायदा कडक निर्देश प्रदान किये गये। जिसमे आज रात्रि से इस कार्यवाही को शुरू कर बकायदा विडियो बनाकर अधिकारीयो को प्रेषित करने की बात कही गयी। और यह भी निर्देश प्रदान किये गये की किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति की आवारा गाय या अन्य पशु हो उसे किसी भी हाल मे किसी के भी फोन पर नही छोडा जाये। उसे सीधे स्थानीय गौशाला भेजकर सुरक्षित किया जाये। इसी तरह वार्ड एक से किरण सोनवाने, अरूणा गोस्वामी, सांता पटले, गरिमा बोपचे आदि ने आकर शिकायत दर्ज करायी की पिछ्ले दस वर्षो से उनके मकान का टेक्स नही लिया जा रहा है।

विषय को विस्तार से समझने के बाद ज्ञात हुआ की इस तरह के मकानो को पटटा ही प्रदान नही हुआ है। अत सबसे पहले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व जिलाधीश कार्यालय से इनके पटटे की कार्यवाही कंहा तक पहुची है, इसका संज्ञान लिया गया। इसी तरह वार्ड 14 से एम एल चावके सहित अन्य ने शिकायत दर्ज करायी की श्रीमाता अस्पताल के पीछे धर्मसिंह कुम्हरे से लेकर रिंकू परते के मकान तक 150 फीट लंबी नाली का निर्माण कार्य बेहद आवश्यक है। क्योकि पक्की नाली के अभाव मे कच्ची नाली का पानी जमीन से रिसकर कुओ व टयूबवेलो मे जाने से यहा के निवासीयो के स्वास्थ्य के विषय मे गंभीर खतरा उत्तपन्न कर रहा है।

इस विषय पर नपा परिषद ने गंभीरता दिखाकर समाधान के विषय मे निर्देश प्रदान कर दिये है। आज नपा ने सहायक मत्स्य अधिकारी को बुलवाकर नगर मे बनने वाले 6 फिश पार्लर के विषय मे आवश्यक कार्यवाही को अंजाम दिया। गौरतलब है की पहले ही 3 फिश पार्लर को निर्माण किया जा चुका है। आज दरबार मे नपा के ठेकेदारो को विभिन्न निर्माण कार्य शुरू कराने के कडक निर्देश प्रदान किये गये है। गौरतलब है की पिछ्ले तीन माह से रेत की कमी को लेकर कयी छोटे बडे विकास कार्य प्रभावित हुये है।

किंतू आज नपा ने सभी ठेकेदारो को अंतिम निर्देश देकर हरहाल मे विकास व निर्माण कार्यो को शुरू कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही है। इसी तरह सडक निर्माण, डिवाईडर, पानी वाली जगहो पर चिल्ली का छिडकाव सहित अनेको छोटी बडी समस्या का समाधान करने के विषय मे नपा परिषद ने महत्तवपूर्ण निर्णय लिये है।

# बच्चों के उपचार में लापरवाही ना बरते, सीएमओ ने निगरानी रखने दिए निर्देश

## जारी है बिरसा ब्लॉक के 6 बच्चों का उपचार



जगप्रेरणा लांजी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने 17 अगस्त की रात करीब 9 बजे सिविल अस्पताल लांजी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उनके उपचार एवं स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

जानकारी के अनुसार, बिरसा विकासखंड के बीमारी से प्रभावित ग्रामों के छः बच्चों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर है और उपचार के बाद उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। बच्चों का उपचार पेडियाट्रिक चिकित्सक डॉ. अंकित खारोल की निगरानी में किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को बच्चों के उपचार में पूरी गंभीरता बरतने तथा उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीमारी से प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को आवश्यकता के अनुसार सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती कर समुचित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली और निर्देशित किया कि मरीजों को समय पर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी कर रही हैं।

# झाड़ियों से निकलकर किसान पर टूट पड़ा रीछ, सीतापठौर की घटना

## गंभीर रूप से घायल किसान का सरकारी अस्पताल कटंगी में चल रहा उपचार

जगप्रेरणा कटंगी।

वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत तिरोड़ी तहसील के ग्राम सीतापठोर में शनिवार, 15 अगस्त की सुबह जंगली रीछ ने खेत जा रहे किसान पर अचानक हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर रीछ जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीतापठोर निवासी किसान लेखराम आड़े शनिवार सुबह करीब 7 बजे रोज की तरह अपने खेत में काम करने के लिए घर से निकले थे। गांव से कुछ दूर खेत के समीप पहुंचते ही झाड़ियों में छिपे बैठे रीछ ने अचानक उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से किसान को संभलने तक का मौका नहीं मिला। जंगली जानवर ने किसान के शरीर पर नाखून और दांतों से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़े। हमले के दौरान किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तत्काल घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख और शोर सुनकर रीछ किसान को छोड़कर जंगल की तरफभाग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने घायल किसान को तत्काल संभाला और घटना की जानकारी उसके परिजनों तथा वन विभाग को दी। गंभीर रूप से घायल लेखराम आड़े को उपचार के लिए कटंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। बताया गया है कि रीछ के हमले में उनके शरीर पर गहरे जख्म आए हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी है।



वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी, ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

घटना की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र कटंगी का अमला भी सक्रिय हुआ और घटनास्थल तथा अस्पताल पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। क्षेत्र में जंगली जानवर की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल और खेतों की ओर अकेले न जाएं। आवश्यक होने पर समूह में ही खेतों की ओर जाएं तथा विशेष रूप से झाड़ियों और जंगल से सटे इलाकों में अतिरिक्त सावधानी बरतें। वन्यजीव की गतिविधियों को देखते हुए ग्रामीणों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना वन विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं।

लगातार बढ़ रही वन्यजीवों की मौजूदगी से चिंता

सीतापठौर में हुई इस घटना ने एक बार फिर जंगल से लगे ग्रामीण इलाकों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की चुनौती को सामने ला दिया है। खेतों और जंगल के आसपास जंगली जानवरों की आवाजाही से ग्रामीणों में भय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और जंगली रीछ की गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।







जग प्रेरणा

खेल मनोरंजन


खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप: लक्ष्य कड़े मुकाबले में जीते, त्रीसा-गायत्री भी प्री क्वार्टर फाइनल में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स वैलेंटाइन फिलिमोन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।***



लक्ष्य ने 45 मिनट तक चले मुकाबले में फिलिमोन को 16-21, 21-8, 21-4 से हराया। दूसरे दौर में लक्ष्य का सामना अमेरिका के गैरेट टैन से होगा जिन्होंने स्विट्जरलैंड के टोबियास कुएंजी को 21-4, 21-15 से हराया। लक्ष्य ने धीमी शुरुआत की और उनके कम रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी ने पहले गेम में उन्हें लगातार दबाव में रखा। स्टार भारतीय खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए जूझता दिखा। दोनों खिलाड़ी एक समय लगभग बराबरी पर चल रहे थे लेकिन लक्ष्य के लचर खेल और सहज गलतियों का फायदा उठाते हुए फिलिमोन ने लगातार छह अंक जुटाकर 17-12 की बढ़त बना ली।

लक्ष्य ने कुछ अंक जुटाकर वापसी की कोशिश की लेकिन ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने धैर्य बरकरार रखते पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ी 7-7 की बराबरी पर थे जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल के दम पर 11-8 की बढ़त हासिल कर ली।

इसके बाद लक्ष्य ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए लगातार 10 अंक जुटाए और प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं देते हुए दूसरा गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। इस दौरान फिलिमोन की लय भी टूटती नजर आई।

इसके बाद लक्ष्य को रोकना मुश्किल हो गया। उन्होंने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और फिलिमोन से लगातार सहज गलतियां कराई। भारतीय खिलाड़ी ने 15-1 की बढ़त के साथ मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली और आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इससे पहले त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की गैरवरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने महिला युगल में लॉरेन लैम और एलिसन क्विन ली की अमेरिका की 16वीं वरीय जोड़ी को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

त्रीसा और गायत्री ने दूसरे दौर में महज 38 मिनट में विरोधी जोड़ी को 21-15, 21-12 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाते हुए आत्मविश्वास के साथ खेल शुरू किया। त्रीसा ने अपने दमदार स्मैश से अंक जुटाए जबकि गायत्री ने शटल को खेल में बनाए रखने के साथ सटीक ड्रॉप शॉट लगाए और दोनों ने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने इसी अंदाज में शुरुआत की और ब्रेक तक 11-4 की बढ़त बना ली।

भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल जारी रखा और उनकी प्रतिद्वंद्वियों की कुछ सहज गलतियों का भी उन्हें फायदा मिला। कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा की बुल्गारिया की नौवीं वरीय जोड़ी ने 32 मिनट में सीधे गेम में 21-7, 21-14 से हराया। मिश्रित युगल में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे तथा असित सूर्या और अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां पहले दौर में ही बाहर हो गईं। रोहन और रुत्विका की जोड़ी को जोनाथन बिंग सान लाई और क्रिस्टल लाई की कनाडा की जोड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 22-20, 19-21, 17-21 से हार मिली। असित और अमृता को एमरे सोनमेज और यासेमेन बेक्टास की तुर्किये की जोड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-16, 29-30, 22-24 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत की एक अन्य मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो अभी प्रतियोगिता में बनी हुई है। इस 15वीं वरीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली थी और वह दूसरे दौर में मकाऊ के इओक चोंग लियोंग और वेंग ची एनजी से भिड़ेगी। उभरती हुई भारतीय महिला एकल खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने भी दूसरे दौर में जगह बना ली। उन्होंने 40 मिनट चले मुकाबले में म्यांमार की थेट हतार थुजार को 22-20, 21-16 से हराया। उन्नति का अगले दौर में सामना कनाडा की 13वीं वरीय मिशेल ली से होगा।

# भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को हॉकी वर्ल्ड कप में 6-1 से चटाई धूल, पूल-डी में पहली पोजीशन पर किया कब्जा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में पूल-डी में अपना दूसरा मुकाबला साउथ अफ्रीका की टीम के खिलाफ खेला जिसे वह 6-1 के बड़े अंतर से अपने नाम करने में कामयाब रही हैं।***



टीम इंडिया ने पूल में अपना पहला मैच चीन की टीम के खिलाफ खेला था जिसको वह 2-2 की बराबरी पर खत्म करने में कामयाब रही थी। ऐसे में उनके लिए यह मैच काफी अहम हो गया था और इसको वह बड़े अंतर से जीतने में कामयाब रही हैं। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही पूल-डी में 4 अंकों के साथ अब पहली पोजीशन पर पहुंच गई है। टीम इंडिया का इस मैच के चारों क्वार्टर में दबदबा देखने को मिला।

## पहले क्वार्टर से ही दिखा टीम इंडिया का मुकाबले में दबदबा..

साउथ अफ्रीका महिला हॉकी टीम के खिलाफ भारतीय टीम का पहले क्वार्टर से ही दबदबा देखने को मिला जिसमें खेल 10वें मिनट में सुनेलिता टोप्पो ने गोल करने के साथ टीम इंडिया का खाता खोल दिया। वहीं इसके बाद पहला क्वार्टर खत्म होने पर भारतीय टीम ने 1-0 की बढ़त बनाकर रखी हुई थी। दूसरे क्वार्टर का खेल शुरू होने के साथ भारत ने 16वें मिनट में दूसरा गोल कर दिया जो नवनीत कौर की स्टिक से आया। इसके बाद 24वें मिनट में सुशीला चानू ने गोल करने के साथ इस मैच में दूसरा क्वार्टर खत्म होने पर भारतीय महिला टीम की बढ़त को 3-0 तक पहुंचा दिया था।

## तीसरे क्वार्टर में भारतीय महिला टीम ने किए तीन गोल और जीत की पक्की..

पहले दो क्वार्टर में 3-0 की बढ़त बना चुकी भारतीय महिला टीम की तरफसे तीसरे क्वार्टर में काफी जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने कुल 3 गोल करने के साथ 6-0 की बढ़त बना ली थी। इस क्वार्टर में 37वें मिनट में दीपिका ने तो वहीं 43वें मिनट में लालरेमसियामी ने गोल किया

और इस क्वार्टर में तीसरा गोल साक्षी राणा ने खेल के 44वें मिनट में किया जिसके साथ ही भारतीय महिला टीम की जीत पक्की हो गई। इस मुकाबले के चौथे और आखिरी क्वार्टर में साउथ अफ्रीका की महिला टीम से 54वें मिनट में कायला डी वाल ने गोल तो किया लेकिन वह अपनी टीम की 6-1 की हार से नहीं बचा सकी।

## पूल-डी में भारतीय टीम ने पहली पोजीशन पर किया कब्जा..

इस मुकाबले को 6-1 के बड़े अंतर से अपने नाम करने के साथ भारतीय महिला टीम ने प्वाइंट्स टेबल में पूल-डी में 4 अंकों के साथ पहली पोजीशन पर कब्जा कर लिया है। वहीं चीन की टीम के भी 4 अंक हैं लेकिन वह दूसरे नंबर पर है जिसमें भारत और चीन के बीच गोल करने के अंतर की वजह से टीम इंडिया पहली पोजीशन पर है।

अब भारतीय महिला टीम को इस पूल में अपना आखिरी मुकाबला 20 अगस्त को इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ खेलना है जो भारतीय समयानुसार शाम 6:30 पर शुरू होगा।

# अर्जुन अवॉर्ड का हुआ ऐलान

## तेजस्विन शंकर समेत 17 खिलाड़ियों को मिलेगा सम्मान..

डेस्क जगप्रेरणा।

भारत सरकार ने नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2025 का ऐलान कर दिया है। 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुना गया है। एथलेटिक्स से लेकर बैडमिंटन, हॉकी, शतरंज, शूटिंग और कबड्डी तक अलग-अलग खेलों के खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड के लिए चुना गया है। खेल मंत्रालय ने चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर इन पुरस्कारों की घोषणा की है।



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2025 की सूची जारी करते हुए बताया कि हर साल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, कोच और संस्थाओं को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इस साल सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस (रिटायर्ड) अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने पुरस्कारों के लिए नामों की सिफारिश की थी। अर्जुन अवॉर्ड 2025 के लिए कुल 17 खिलाड़ियों के नाम चुने गए हैं। एथलेटिक्स में तेजस्विन शंकर, मोहम्मद अजमल वी और प्रियंका गोस्वामी को सम्मान मिलेगा। बैडमिंटन में ट्रीसा जॉली और दिग्गज कोच पुलेला गोपीचंद की बेटी गायत्री गोपीचंद का सिलेक्शन हुआ है। बॉक्सिंग में नरेंद्र को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा।

शतरंज में विदित संतोष गुजराती और दिव्या जितेंद्र देशमुख को यह सम्मान मिलेगा। डेफशूटिंग में धनुष श्रीकांत का नाम शामिल है। हॉकी में लालरेमसियामी और राजकुमार पाल को अर्जुन अवॉर्ड मिलेगा। कबड्डी में सुरजीत और पूजा को चुना गया है। पैरा-शूटिंग में रुद्रांश खंडेलवाल, पैरा-एथलेटिक्स में एकता भयान, रोइंग में अरविंद सिंह और शूटिंग में अखिल श्योराण को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। खेलों में लंबे समय तक योगदान देने वाले खिलाड़ियों को दिए जाने वाले अर्जुन अवॉर्ड (लाइफ टाइम) के लिए फुटबॉल के आई अरुमैनायगम को चुना गया है। यह पुरस्कार उन खिलाड़ियों को दिया जाता है जिन्होंने सक्रिय करियर के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और संन्यास के बाद भी खेलों के विकास में योगदान जारी रखा।

नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड में द्रोणाचार्य अवॉर्ड के नामों का भी ऐलान किया गया है। नियमित कैटेगिरी में एथलेटिक्स के परवीर सिंह, बॉक्सिंग के छोटे लाल यादव और शूटिंग की नेहा नंदकुमार चव्हाण को चुना गया है। वहीं लाइफटाइम कैटेगिरी में बॉक्सिंग के धर्मेंद्र सिंह यादव और कुश्ती के वीरेंद्र कुमार को सम्मानित किया जाएगा।

# शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' में निकले दो सांप, एक किया गया रेस्क्यू, दूसरा अब भी लापता, दहशत में स्टाफ..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित बंगले 'मन्नत' में इन दिनों मरम्मत का काम चल रहा है, जिसके चलते अभिनेता अपने पूरे परिवार के साथ अन्य जगह शिफ्ट हो गए हैं।***



इस बीच, 17 अगस्त 2026 की रात को शाहरुख खान के बंगले में दो सांप देखे गए, जिससे पूरे स्टाफ में हड़कंप मच गया। जैसे ही स्टाफ ने सांपों के जोड़े को देखा, तुरंत इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही तुरंत फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के लोग मौके पर पहुंचे और एक सांप को रेस्क्यू कर लिया, जबकि दूसरा सांप अब भी लापता है। ऐसे में अब भी स्टाफ के लोग दहशत में हैं।

## शाहरुख खान के 'मन्नत' में दिखा सांप..

बाद में बगीचे में एक शेड के नीचे फंसा हुआ एक सांप मिला। यह सांप करीब 8 फीट लंबा था और इसकी पहचान बिना ज़हर वाले सांप के तौर पर हुई। इसे बिना किसी नुकसान के सुरक्षित रूप से बचा लिया गया। हालांकि, दूसरा सांप भागने में कामयाब रहा क्योंकि 'मन्नत' के अंदर लोगों की आवाजाही हो रही थी। देर रात तक तलाशी जारी रही, लेकिन सांप का पता नहीं चल सका।

## दहशत में स्टाफ..

वन विभाग ने एक सांप को सुरक्षित निकाल लिया है, लेकिन एक अब भी लापता है। लंबे समय तक फोरेस्ट डिपार्टमेंट के कर्मचारियों ने दूसरे सांप को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल पाया है, जिससे स्टाफ में दहशत का माहौल है।८

बचाए गए सांप को बाद में वन विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। वहीं लापता सांप को लेकर वन विभाग का मानना है कि सांप बंगले से कहीं बाहर निकल गया है। सांप पकड़ने वाले व्यक्ति ने कहा, 'आज, 17.08.2026 को, मैंने (सांप पकड़ने वाले जुबेर शाह ने) बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के घर 'मन्नत' से एक सांप को बचाया। यहां एक स्पेक्टेकल्ड कोबरा (नाग) पकड़ा गया। उस सांप को सुरक्षित रूप से बचाकर वापस प्रकृति में छोड़ दिया गया है।'

## SRK अपने परिवार के साथ बांद्रा में दूसरे फ्लैट में शिफ्ट हुए हैं..

बता दें, शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' में इन दिनों मरम्मत का काम चल रहा है, जिसके चलते सुपरस्टार अपने परिवार के साथ बांद्रा में दूसरे फ्लैट में शिफ्ट हुए हैं। शाहरुख खान के बंगले में दो अतिरिक्त मंजिलें जोड़ी जा रही हैं। 'मन्नत' में रेनोवेशन के खिलाफ मुंबई के एक निवासी ने याचिका दायर की थी। मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कोई ठोस आधार न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी और 'मन्नत' के रेनोवेशन का रास्ता साफ हो गया।

# 'शादियां टूट रहीं और लोग धोखा दे रहे', गोविंदा-सुनीता के बीच छिड़े घमासान में कश्मीरा शाह की एंट्री, छलका दर्द..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच जारी पारिवारिक और सार्वजनिक तनाव अब एक नया मोड़ ले चुका है। दोनों के बीच छिड़ी इस जुबानी जंग में अब गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक की पत्नी और अभिनेत्री कश्मीरा शाह की भी एंट्री हो चुकी है।***



हाल ही में कश्मीरा शाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें आसमान में दिल के आकार के बादल नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ कश्मीरा ने प्यार, शादी और वफादारी पर सवाल खड़े करते हुए एक बेहद भावुक और रहस्यमयी संदेश लिखा।

## कश्मीरा ने क्या लिखा?

कश्मीरा ने अपनी पोस्ट में लिखा कि क्या सच्चा प्यार वाकई में वजूद रखता है या फिर यह सिर्फ एक दिखावा बनकर रह गया है? उन्होंने टूटती शादियों और रिश्तों में बढ़ती बेवफाई पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आसपास के माहौल को देखकर उनका शादियों और सच्चे प्यार से भरोसा पूरी तरह उठ रहा है। हालांकि कश्मीरा ने अपनी पोस्ट में सीधे तौर पर गोविंदा या सुनीता का नाम नहीं लिया, लेकिन फैंस और मीडिया विश्लेषकों का मानना है कि उनका यह इशारा गोविंदा और उनकी सह-कलाकार कोमल रानी स्वर्णकार से जुड़ी हालिया खबरों और गोविंदा-सुनीता के बीच चल रहे विवाद की तरफ ही था।

## पत्नी सुनीता की भाषा शैली पर गोविंदा का कड़ा प्रहार..

दूसरी तरफ गोविंदा ने भी अब अपनी चुप्पी तोड़ते हुए पत्नी सुनीता आहूजा के रवैये और उनके द्वारा इस्तेमाल की जा रही भाषा पर सख्त एतराज जताया है। फिल्म 'रूपा' में अपनी को-स्टार को लेकर उठे विवाद और सुनीता के तीखे बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए गोविंदा ने कहा कि सुनीता सार्वजनिक मंचों पर अमर्यादित भाषा का सहारा ले रही हैं, जो बेहद निराशाजनक है। गोविंदा के अनुसार जो युवा या फैंस सुनीता को देखते हैं, उन पर इस तरह की भाषा शैली का बहुत गलत असर पड़ेगा। गोविंदा ने भावुक और कड़े शब्दों में कहा कि एक समय के बाद इंसान को अपने शब्दों की गरिमा समझनी चाहिए। बार-बार परिवार और रिश्तों को लेकर ऐसी आपत्तिजनक बातें करने से समाज में पूरे परिवार की ही बदनामी होती है। उन्होंने सुनीता से अपील की कि वे इस तरह की बयानबाजी बंद करें और अपनी भाषा में संयम और मर्यादा बनाए रखें।

## करियर और फिल्मों को नुकसान पहुंचाने का आरोप..

गोविंदा ने अपनी पत्नी पर यह गंभीर आरोप भी लगाया कि वे उनके पेशेवर जीवन और करियर को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। अभिनेता का कहना था कि जब भी वे किसी नए प्रोजेक्ट या नई फिल्म की शुरुआत करते हैं, उसी समय इस तरह के विवाद खड़े कर दिए जाते हैं ताकि जनता की नजरों में उनकी छवि खराब हो सके और उनके बिजनेस पर बुरा असर पड़े। गोविंदा ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा सुनीता के हर प्रोजेक्ट, शो या काम में उनका पूरा समर्थन किया है।

लेकिन जब उनकी खुद की फिल्में शुरू होती हैं तो उसमें अड़चनें पैदा की जाती हैं। इसके साथ ही गोविंदा ने फिल्म उद्योग में नए और छोटे पृष्ठभूमि से आने वाले कलाकारों का पक्ष लेते हुए कहा कि बाहर से आने वाले संघर्षशील कलाकारों को इस तरह बदनाम या नीचा नहीं दिखाया जाना चाहिए कि वे डरकर इस इंडस्ट्री से ही दूर भाग जाएं।

## उम्र और युवा अभिनेत्रियों के साथ काम करने पर दिया मुंहतोड़ जवाब..

सुनीता द्वारा गोविंदा की उम्र और उनके अपने से काफी छोटी उम्र की अभिनेत्रियों के साथ काम करने को लेकर दिए गए बयानों पर भी गोविंदा ने अपनी बात रखी। गोविंदा ने कहा कि हिंदी सिनेमा के इतिहास में जितने भी बड़े और दिग्गज कलाकार हुए हैं, उन सभी ने अपने दौर की नई और युवा अभिनेत्रियों के साथ काम किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अभिनेता के लिए युवा कलाकारों के साथ काम करना एक सामान्य और व्यावसायिक प्रक्रिया है, जिससे स्क्रीन पर ताजगी बनी रहती है। गोविंदा का कहना था कि यह विशुद्ध रूप से उनका काम है और इसे गलत नजरिए से देखना या इसे लेकर विवाद खड़ा करना एक पूरे फिल्म बिजनेस के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

## गोविंदा ने दी अंतिम हिदायत और पॉडकास्ट पर उठाया सवाल..

अपने पूरे बयान के अंतिम चरण में गोविंदा ने सुनीता को सख्त लहजे में अपनी सीमाओं का ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पॉडकास्ट और इंटरव्यूज के जरिए जिस तरह से सरेआम उनका अपमान किया जा रहा है, वह अब बर्दाश्त के बाहर है। गोविंदा ने सुनीता को याद दिलाया कि जिंदगी के किसी न किसी मोड़ पर उन्हें फिर से उनकी मदद या साथ की जरूरत पड़ सकती है, इसलिए उन्हें इस तरह के कड़वे बोल बोलने से बचना चाहिए। गौरतलब है कि गोविंदा लंबे समय बाद फिल्म 'रूपा' के जरिए बड़े पर्दे पर अपनी वापसी करने जा रहे हैं, इससे पहले उन्हें आखिरी बार साल 2019 में आई फिल्म 'रंगीला राजा' में देखा गया था।

# महिपाल लोमरोर शेष काउंटी सत्र के लिए सरे से जुड़े..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***राजस्थान के ऑलराउंडर महिपाल लोमरोर मंगलवार को शेष काउंटी चैंपियनशिप सत्र के लिए सरे से जुड़ गए। वह टीम के लिए छह मैच में उपलब्ध रहेंगे। छब्बीस वर्षीय लोमरोर सरे से जुड़ने वाले राजस्थान के दूसरे खिलाड़ी हैं। लेग स्पिनर राहुल चाहर पहले ही इस सत्र में टीम का हिस्सा हैं और दो मैच खेल चुके हैं।***



सरे ने अपनी वेबसाइट पर कहा, '26 वर्षीय खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य राजस्थान की कप्तानी करते हैं, जहां वह सरे के स्पिन गेंदबाज राहुल चाहर के साथ खेलते हैं। वह शीर्ष छह में बल्लेबाजी करने वाले बेहद अनुभवी खिलाड़ी हैं और 63 प्रथम श्रेणी मैच में उनका औसत 42.62 है। नवंबर 2024 में उन्होंने उत्तराखंड के खिलाफ राजस्थान के लिए नाबाद 300 रन की अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली थी।' सरे के आगामी मुकाबलों से पहले स्पिन गेंदबाजी करने वाले ऑलराउंडर विल जैक्स और डैन लॉरेंस की सेवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण लोमरोर को टीम में शामिल किया गया है। सरे ने कहा, 'जैक्स पूरे इंग्लिश ग्रीष्मकाल के दौरान टखने की चोट से जूझने के बाद कुछ समय के लिए बाहर रहेंगे। लॉरेंस को पाकिस्तान के खिलाफआगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है।' लोमरोर ने कहा, 'काउंटी चैंपियनशिप में खेलना मेरे लिए नए माहौल में खुद को चुनौती देने और अनुभवी खिलाड़ियों के समूह से सीखने का एक बड़ा अवसर है।'

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## दिमागी नक्सलवाद पर प्रहार : लाल किले से उठी एक नई वैचारिक बहस..

भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2026 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन केवल एक सरकारी उपलब्धियों का भाषण नहीं रहा, बल्कि उसमें देश की आंतरिक सुरक्षा और वैचारिक चुनौतियों को लेकर एक तीखा संदेश भी दिखाई दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हथियार उठाने वाला नक्सलवाद कमजोर पड़ चुका है, लेकिन नक्सली विचारधारा को बढ़ावा देने वाली मानसिकता के प्रति भी देश को सतर्क रहना होगा। उन्होंने ऐसे लोगों को ÷दिमागी नक्सल÷ बताते हुए उन्हें पहचानने और अलग-थलग करने की बात कही।

प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में बहस तेज हो गई। किसी ने इसे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी वैचारिक चेतावनी माना, तो किसी ने इसे असहमति की आवाजों को एक विशेष राजनीतिक नाम देने का प्रयास बताया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दिलचस्प पहलू यह रहा कि ÷दिमागी नक्सल÷ शब्द ने राजनीतिक विमर्श में एक नया सवाल खड़ा कर दिया–क्या लोकतंत्र के लिए केवल बंदूक वाला नक्सलवाद ही खतरा है, या हिंसक विचारधारा को वैचारिक समर्थन देने वाली मानसिकता भी उतनी ही गंभीर चुनौती हो सकती है?

नक्सलवाद भारत के लिए कोई काल्पनिक समस्या नहीं रही है। दशकों तक देश के कई हिस्सों में हिंसा, भय, विकास में बाधा और सुरक्षा बलों पर हमले जैसी घटनाओं ने सामान्य जीवन को प्रभावित किया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सुरक्षा कर्मियों को भी याद किया और दावा किया कि हथियारबंद नक्सलवाद का समूल नष्ट क़र दिया गया।

लेकिन किसी भी हिंसक विचारधारा का अंत केवल हथियार छीन लेने से नहीं होता। विचारों की लड़ाई विचारों से भी लड़नी पड़ती है। यही वह बिंदु है जहां प्रधानमंत्री का ÷दिमागी नक्सल÷ वाला बयान एक बड़ी वैचारिक बहस को जन्म देता है।

यह समझना जरूरी है कि हर सरकार की आलोचना करने वाला व्यक्ति नक्सली नहीं हो सकता। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना नागरिक का अधिकार है। पत्रकारिता, विश्वविद्यालय, न्यायपालिका, सामाजिक संगठन और विपक्ष–ये सभी लोकतांत्रिक व्यवस्था के आवश्यक अंग हैं। इसलिए ÷दिमागी नक्सलवाद÷ की परिभाषा यदि अत्यधिक व्यापक या अस्पष्ट होगी, तो उसका दुरुपयोग होने की आशंका भी रहेगी। लोकतंत्र की शक्ति इसी में है कि देशभक्ति और असहमति को एक-दूसरे का विरोधी न माना जाए।

लेकिन दूसरी ओर, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या शिक्षित होना किसी व्यक्ति को देश-विरोधी या हिंसक विचारधारा के समर्थन से स्वतः मुक्त कर देता है? बिल्कुल नहीं।

किसी विश्वविद्यालय की डिग्री, बड़े पद या राजनीतिक पहचान से कोई व्यक्ति विचारधारा की आलोचना से ऊपर नहीं हो जाता। यदि कोई व्यक्ति खुले तौर पर हिंसा का समर्थन करता है, लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने की वकालत करता है, युवाओं को हथियार उठाने के लिए प्रेरित करता है या प्रतिबंधित हिंसक संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देता है, तो उसके विचारों की गंभीर जांच होनी चाहिए–चाहे वह व्यक्ति कितना ही पढ़ा-लिखा क्यों न हो।

यहीं से ÷दिमागी नक्सलवाद÷ शब्द का वास्तविक अर्थ समझने की आवश्यकता है। इसे केवल राजनीतिक विरोध का पर्याय बना देना गलत होगा। वैचारिक असहमति और हिंसक विचारधारा का समर्थन–दोनों अलग चीजें हैं। एक लोकतांत्रिक राष्ट्र को इन दोनों के बीच स्पष्ट रेखा खींचनी ही होगी।

प्रधानमंत्री के भाषण के बाद देशभर में प्रतिक्रियाएं आईं। कुछ नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने इस शब्द को अपने ऊपर लागू करते हुए व्यंग्य किया, कुछ ने इसे लोकतांत्रिक असहमति के खिलाफबताया और कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री की चेतावनी का समर्थन किया। यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है कि प्रधानमंत्री के शब्दों पर भी बहस हो सकती है।

लेकिन इस बहस को केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित रखना उचित नहीं होगा। असली प्रश्न यह होना चाहिए कि भारत अपने युवाओं को किस प्रकार की विचारधारा देना चाहता है?

आज का युवा इंटरनेट, सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक सूचनाओं की दुनिया में जी रहा है। उसके सामने हजारों विचार प्रतिदिन आते हैं। ऐसे समय में राष्ट्र को केवल यह कहने से काम नहीं चलेगा कि कौन सही है और कौन गलत। युवाओं को तर्क करना, तथ्य जांचना, इतिहास समझना और लोकतांत्रिक मूल्यों को पहचानना भी सिखाना होगा।

राष्ट्रवाद का अर्थ केवल नारे लगाना नहीं है। राष्ट्रवाद का अर्थ है–देश के संविधान का सम्मान, कानून का पालन, नागरिकों की स्वतंत्रता की रक्षा, सैनिकों के बलिदान का सम्मान और देश की एकता के प्रति प्रतिबद्धता। इसी तरह असहमति का अर्थ भी राष्ट्र-विरोध नहीं है। मजबूत लोकतंत्र वही है जहां सरकार की प्रशंसा भी हो सकती है और आलोचना भी।

इसलिए ÷दिमागी नक्सलवाद÷ के खिलाफ लड़ाई का सबसे मजबूत हथियार शिक्षा, तथ्य, संविधान और लोकतांत्रिक संवाद होना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति हिंसा और आतंक का समर्थन करता है तो कानून अपना काम करे; लेकिन केवल सरकार से असहमति रखने वाले व्यक्ति को किसी खांचे में डालना लोकतंत्र को कमजोर करेगा।

15 अगस्त का दिन हमें केवल स्वतंत्रता का उत्सव नहीं, बल्कि स्वतंत्रता की जिम्मेदारी भी याद दिलाता है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने ऐसा भारत बनाने का सपना देखा था जहां नागरिक भय के बिना अपने विचार व्यक्त कर सकें और देश की एकता सर्वोपरि हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया ÷दिमागी नक्सलवाद÷ का मुद्दा इसलिए गंभीर बहस की मांग करता है। इसे न तो आंख बंद करके स्वीकार करने की जरूरत है और न ही बिना चर्चा के खारिज करने की। जरूरत है एक स्पष्ट राष्ट्रीय विमर्श की–जहां हिंसक विचारधारा के लिए कोई स्थान न हो, लेकिन लोकतांत्रिक असहमति के लिए पूरा सम्मान हो।

आज भारत एक निर्णायक दौर में खड़ा है। हथियारबंद हिंसा को समाप्त करना जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक है कि युवाओं के मन में हिंसा, कट्टरता और राष्ट्र-विरोधी विचारों की जगह संविधान, विज्ञान, विकास, लोकतंत्र और राष्ट्रनिर्माण की भावना मजबूत हो।

लाल किले से निकला संदेश इसलिए केवल ÷नक्सलवाद÷ तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसे एक बड़े संकल्प में बदलना होगा–हिंसा से मुक्त भारत, भय से मुक्त भारत और ऐसी वैचारिक स्वतंत्रता वाला भारत जहां तर्क की जीत हो, आतंक की नहीं।

यही स्वतंत्रता दिवस की सच्ची भावना होगी। यही उन हजारों सुरक्षा कर्मियों और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने भारत की सुरक्षा और स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

लेखक




हरीश नाग
चांगोटोला, बालाघाट


## दशा महा दशा..

जब हम रात्रि में सोए थे।
सुबह पता चला था।
देश आजाद हुआ है।
उस समय हम समझे नहीं थे।
छोटे-छोटे थे।
फिर किताबों में पढ़ा था।
कैसे-कैसे,किसने-किसने।
किस-किस तरह से किया था।
आज वृद्धावस्था में पहुंच गए।
अब पूर्णत: समझ आ गया।
पूर्व, वर्तमान और भविष्य में ।
देश का क्या होगा।
पूर्व में ठीक था।
वर्तमान में कैसी।
दशा महा दशा है।
भविष्य में इतिहासं कैसा लिखा जाएगा।
या कैसा पढ़ाया जाएगा।
आने वाली पीढ़िया
ही बता पाएगी।
देश की
आजादी के लिए।
चन्दा लिया
जाता रहा था।
आज वर्तमान में
चन्दा का चंदन।
हो रहा है।
आजादी का कैसा।
किस रुप में उत्साह।
बरसात
की एक रात?

लेखक




आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'


## सीमा..

सीमा कभी न लाँघिये
जो हित अपना चाह।
ठोकर लगती आप
को और भटकते राह।।

सीमा लाँघी जानकी
दिया साधु को दान।
सम्मुख रावण देख
कर हुआ भूल
का भान।।


सीमा पहले थी बँधी
बनी हुई थी आन।
मर मिटना निज आन
पर सब की
ही थी शान।।

परिवर्तन है वक्त का
नहीं किसी का मान।
मर्यादाएँ टूटतीं सीमा
का नहिं ज्ञान।।

पहले सीमा कूप
की रखते थे सब आन।
अब चप्पल से पाट
का करते हैं अपमान।।


रामानन्द पाठक नन्द


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 249



**ck;ı lı nk;ı ‰&** 1) भूदान आन्दोलन के प्रणेता 5) व्यवसाय, कामधंदा 8) विस्फोटक गोला 10) बुनाई 12) हुज्जत, झगड़ा 13) फूल 16) छेने की एक प्रसिद्ध मिठाई 19) अर्थ, अभिप्राय, आशय 21) पुष्प रज, मधु 23) खेत का हराभरा होना 24) गधा 25) पानी उठनेवाली तरंग 27) लेकिन 28) ओंठ 29) फुरसत पाना, मुकाबला करना, पूरा होना 32) पिता का भाई 33) एक तार वाद्य 34) अदाकार 36) कार्यपालक, काम करनेवाला 37) पेंडुलम, दीवार की घड़ी की लटकन 39) महाराष्ट्र का गोदावरी नदी के किनारे बसा एक प्रसिद्ध शहर 41) गुनाहगार, गलती करनेवाला 43) टकराने की क्रिया 45) जनलज्जा 47) हाथ पैर फैलाकर लेटना या बैठना 48) व्यर्थ, अकारण 50) 'कैसा' का गलत उच्चारण 53) मृत्यु होना इस अर्थ का एक मुहावरा 56) रसीला, रसयुक्त 57) हमारे हाथों की संख्या 58) पेंदा 59) समुद्र या नदी का किनारा 60) ताश का दस बूंदियोंवाला पत्ता 61) एक लाख पच्चीस हजार यह संख्या 65) मशहूर, लोकप्रिय 66) आसान 68) मिलाने की क्रिया 69) दलील, मीमांसा 70) दिल्ली का एक दर्शनीय स्थल 72) प्राचीन पद्धति के अनुसार मनुष्य के जीवन का तीसरा आश्रम 74) मकान 76) सर्पिणी 77) फड़ फड़ ध्वनि करना 78) परिमाण 79) बारह राशियों में एक 80) बेइज्जती होना अर्थ का एक मुहावरा 84) कर्ज 85) हाथ, हस्त 86) एक इतिहासप्रसिद्ध मुगल सम्राट 87) उष्णता 88) दूर से तमाशा देखनेवाला 93) फिल्म या नाटक का प्रतिनायक या दुष्ट पात्र 95) विष्णु 96) दु:ख, शोक 97) शोभा (उर्दू) 98) कृतघ्न 101) तृतीय 102) अवरोध हटाना, मुक्त करना 103) प्रसिद्ध, नामांकित 104) मद्यपी 105) युद्ध 106) इराक देश की मुद्रा 107) हरियाणा का एक प्रसिद्ध शहर

**Åij lı uhpı ‰&** 1) बांटना, देना 2) किसी चीज का पतला अग्र भाग 3) मनमोहन सिंग के कार्यकाल के केन्द्रीय कृषिमंत्री शरद पवार का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 4) अपना देश 5) इटली की राजधानी 6) जन्म, जनन 7) प्रेम से उत्पन्न होनेवाला आनंद 8) शक्ति 9) खेत की पैदावार 10) पुकारना, आने के लिए कहना 11) नापित 13) प्रभात, सबेरा 15) गुणों की पारख करना 16) मार्गदर्शक (उर्दू)17) बड़ा नाटक 18) परस्त्री 20) लालच होनाकिसी वस्तु को पाने की गहरी इच्छा होना 22) किसी काम को करने के लिए कटिबद्ध होना अर्थ का एक मुहावरा 23) युद्ध के लिए पुकारना, चुनौजी देना 24) आशंका, खटखट शब्द 26) रसिया, सह्रदय व्यक्ति 29) मुसलमानों का ब्याह 30) विविध ा पर्यटन स्थलों की सैर करनेवाला 31) जानबुझ कर किया गया धोखा, ठगने का काम 35) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 37) प्रसिद्ध अभिनेत्री करिश्मा कपूर का उपनाम 38) शराब बनानेवाली – बेचनेवाली एक जाति 40) अमिताभ बच्चन, जया बच्चन, रेखाद्वारा अभिनीत एकमात्र फिल्म 42) 'सूरदास' का संक्षिप्त नाम 43) रुपयें, पैसे के सिक्के ढालने का कारखाना 44) रात, निशा 46) पेट में पानी जमा होने का एक रोग 47) जांच, परीक्षा 49) प्रत्येक 51) विश्वास, भरोसा 52) पत्नी का भाई 54) कहने का काम दूसरे से करवाना 55) शिष्य, अनुचर 59) वेश्या 61) मुसलमानोंद्वारा प्रणाम करना 62) अंग्रेजी का एक अक्षर 63) जोखिमभरा 64) नव ग्रहों में से एक 65) बहुत मशहूर 66) आमिरखान, सोनाली बेन्द्रे, नसिरुद्दीन शाह की एक सफल फिल्म 67) प्रमाणसहित 68) कई वस्तुएं मिलाया हुआ 71) 'बनना' क्रिया का भूतकाल 73) जगह, स्थल 75) पैर या जूते के अग्रभाग से जोर से आघात करना 81) मुर्दा गाड़ने का गड्ढा 82) सांप के सिर पर स्थित मणि 83) लज्जाजनक 85) लेखनी 86) हमेशा, हरदम 88) युद्ध 89) पुराने जमाने की एक अभिनेत्री,, अभिनेत्री काजोल की मां 90) पीटना 91) बिखरी चीजों को उठाना या चुनना 92) गीला 93) विकृति, दोष 94) अनाथ, लावारिस 96) अशुद्ध, जो ठीक न हो 99) सिगरेट के धुंए का घूंट 100) एक रंग 102) गुंफा (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | फ | ल | ता | | दी | न | द | या | ल | उ | पा | ध्या | य | | क | म | ला | क | र |
| स | वा | र | | क | श | म | क | श | | की | प | | न | व | ल | | लं | प | ट | |
| मं | | क | ना | त | | क | द | र | क | र | ना | | | न | ट | ना | ग | र | | दी |
| ज | मा | | प | व | न | | | थ | ल | | म | ग | न | | क | मी | | वा | ह | न |
| स | ला | म | | र | | दा | स | | ह | र | | ज | | बा | ना | | ज | ह | र | |
| में | | र | वा | | ज | न | र | व | | स | मी | क | र | ण | | व | न | | ना | क |
| प | र | दा | न | शी | न | | का | र | खा | ना | | र | ज | | त | ड़ | प | ना | | लं |
| ड़ | | न | र | | क | ला | र | | न | | मा | न | नी | य | | वा | द | वि | वा | द |
| ना | रं | गी | | अ | सु | र | | न | दा | र | द | | श | म | श | न | | क | म | र |
| | गी | | भी | रू | ता | | कं | | न | म | क | | | | ह | ल | का | | न | |
| का | बि | ल | | णा | | क | स | म | | जा | | का | म | का | ज | | त | ह | | मे |
| | रं | ग | मं | च | | ण | | जा | म | न | ग | र | | ज | हां | गी | र | | रा | ह |
| न | गी | ना | | ल | | क | लं | क | | | ग | | क | ल | | द | | क | स | र |
| दी | | | स | प्र | मा | ण | | क | | प | न | घ | ट | | बा | ड़ | मे | र | | न |
| | ता | श | | दे | ह | | ब | र | स | ना | | ट | क | ट | की | | र | स | रा | ज |
| प | र | व | रि | श | | जि | ला | ना | | ह | टा | ना | | का | | प | ठ | न | | र |

anumeya-08446302691





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### बैगा बाहुल्य ग्राम कुकड़ा में जनजागृति के लिए पहुंचे रामेश्वर कटरे

## बच्चों को बांटे कपड़े, चरण पादुका व छाते, ग्रामीणों ने बताई सड़क और दस्तावेजों की समस्या..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***जिले के बिरसा क्षेत्र के बैगा बाहुल्य ग्रामों में सामने आई संक्रमण की स्थिति को देखते हुए परसवाड़ा क्षेत्र के बैगा ग्रामों में भी जागरूकता और सावधानी को लेकर समाजसेवी रामेश्वर कटरे वनग्राम कुकड़ा पहुंचे।***





उन्होंने बैगा आदिवासी परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं और ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जीवनशैली में सुधार के संबंध में समझाइश दी।

इस दौरान श्री कटरे ने जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, चरण पादुका तथा बारिश से बचाव के लिए छाते वितरित किए। सामग्री मिलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी नजर आई।

### सड़क और पुलिया की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चीनी से वनग्राम कुकड़ा तक जाने वाली सड़क बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। कई स्थानों पर सड़क पर कटाव होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण कराने के साथ ही आवश्यक स्थानों पर पुलिया निर्माण की मांग रखी।

### दस्तावेजों के अभाव में योजनाओं से वंचित परिवार

ग्रामीणों से चर्चा के दौरान सामने आया कि कई परिवारों के पास आधार कार्ड, समग्र आईडी, राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। दस्तावेज नहीं होने के कारण वे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

रामेश्वर कटरे ने ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, आसपास का वातावरण साफ रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की समझाइश दी। उन्होंने परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करते हुए दो बच्चों के बीच कम से कम दो वर्ष का अंतर रखने की सलाह भी दी।

### महिला और बच्ची के लिए राशन की समस्या

इस दौरान शुगनीबाई नामक महिला की स्थिति भी सामने आई। ग्रामीणों के अनुसार महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और उनके साथ एक बच्ची रहती है। परिवार के पास पर्याप्त राशन उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में जंगल से मिलने वाले फल, बीज और कंद-मूल के सहारे जीवनयापन करना पड़ रहा है।

### एसडीएम से चर्चा, शिविर लगाने का आश्वासन

ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी मिलने के बाद रामेश्वर कटरे ने परसवाड़ा एसडीएम श्री एस.एच. प्यासी से दूरभाष पर चर्चा कर वनग्राम कुकड़ा की स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम ने शीघ्र ही कुकड़ा में शिविर लगाकर ग्रामीणों के आवश्यक दस्तावेज बनवाने का आश्वासन दिया है। इससे ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है।

## युवाओं की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवाएं मुहैया कराएं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकः सीतारमण..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से युवाओं, खासकर 'जेन जी' की अपेक्षाओं के अनुरूप अपनी सेवाओं को सरल, सहज, व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप और चौबीसों घंटे उपलब्ध बनाने को कहा।***

इसके साथ ही, सीतारमण ने पीएसबी से युवाओं के बीच अपनी 'सरकारी बैंक' की छवि बदलने और उन्हें बैंकिंग के लिए पहली एवं सबसे भरोसेमंद पसंद बनाने पर भी जोर दिया।

वित्त मंत्री ने दो-दिवसीय 'पीएसबी कॉन्फ्लूएंस' के समापन सत्र में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी अपेक्षाओं को समझना चाहिए और बैंकिंग को उनके लिए अधिक आकर्षक बनाना चाहिए। उन्होंने साथ ही बैंकिंग में जरूरी सतर्कता और गंभीरता बनाए रखने पर जोर दिया।

सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की अब भी 'सरकारी बैंक' वाली छवि है और युवा ग्राहक निजी बैंकों को अधिक आकर्षक मानते हैं। उन्होंने युवाओं के साथ हाल में हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि कुछ युवाओं ने निजी बैंकों को खाता खोलने के लिए पसंदीदा बताया क्योंकि वे उन्हें 'कूल' मानते हैं।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 'कूल' और सतर्क बैंकिंग के बीच संतुलन बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें युवाओं की अपेक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ना चाहिए।''

सीतारमण ने कहा कि बैंकों को युवाओं के शाखाओं में आने का इंतजार करने के बजाय सीधे उनके बीच जाना चाहिए। कॉलेज, विश्वविद्यालय, कौशल विकास संस्थान और अन्य परिसर बैंक खाता खोलने, वित्तीय जागरूकता और सीधे संवाद के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से दो अक्टूबर, 2026 से एक महीने का 'बैंकिंग फॉर यूथ' अभियान शुरू करने को कहा। इसमें 16 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सीतारमण ने कहा कि सभी 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अपने उत्पादों, क्षेत्रीय मौजूदगी और संस्थागत क्षमताओं के आधार पर युवाओं को आकर्षित करने और उनसे जुड़ने की अलग रणनीति बनानी चाहिए। व्यापक उद्देश्य केवल एक बार खाता खोलने तक सीमित न रहकर 'परिसर से करियर और उसके बाद तक' दीर्घकालिक बैंकिंग संबंध बनाने का होना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक युवा भारतीयों की पहली और सबसे भरोसेमंद पसंद होने चाहिए, चाहे वे अपना पहला खाता खोल रहे हों, पहली तनख्वाह पा रहे हों, उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हों, उद्यम शुरू कर रहे हों या अपना पहला निवेश कर रहे हों।''

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में है और युवा देश में उपभोग, बचत, निवेश, उद्यमिता और संपत्ति सृजन के तौर-तरीकों को तेजी से प्रभावित करेंगे।

उन्होंने कहा कि वित्तीय समझ वयस्क होने की प्रक्रिया के साथ सहज रूप से विकसित होनी चाहिए, न कि पहली नौकरी शुरू करने के बाद अचानक और तनावपूर्ण तरीके से इसकी जरूरत महसूस हो।

उन्होंने बैंकों को युवाओं के साथ जुड़ने के लिए प्रतिष्ठित शैक्षणिक मंचों और संस्थानों के सहयोग से मुफ्त ऑनलाइन सीखने की सामग्री उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

उन्होंने बैंकिंग सेवाओं के साथ जीवनशैली से जुड़े लाभ देने का भी सुझाव दिया, जिनमें फिटनेस केंद्र, योग केंद्र और विश्वसनीय मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण मंचों के कूपन या वाउचर शामिल हो सकते हैं।

सीतारमण ने बैंक शाखाओं में 'युवा कियोस्क' या 'युवा बैंकिंग मित्र' जैसे समर्पित केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया, जहां एक समर्पित कर्मचारी युवाओं को उनकी वित्तीय यात्रा में मार्गदर्शन दे सके।

उन्होंने युवाओं में औपचारिक ऋण व्यवस्था के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया। इसमें क्रेडिट स्कोर, विभिन्न बैंक ऋण उत्पादों और सरकारी ऋण योजनाओं की जानकारी शामिल है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को भविष्य में उद्यम शुरू करने के लिए आसानी से वित्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

सीतारमण ने बैंकों से युवाओं को अच्छे क्रेडिट स्कोर और क्रेडिट इतिहास बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूक करने को भी कहा।

उन्होंने भारतीय बैंक संघ (आईबीए) से युवाओं में बैंकिंग जागरूकता के लिए एक समर्पित पोर्टल शुरू करने की संभावना तलाशने को कहा। यह पोर्टल युवाओं को उनकी जरूरत के अनुरूप बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय अवसरों की जानकारी देने तथा संबंधित बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए एकल मंच के रूप में काम कर सकता है।

## खरीफ की पैदावार पर अल नीनो के ज्यादा असर की संभावना नहीं : कृषि मंत्री

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि इस साल खरीफकी पैदावार पर अल नीनो का असर ज्यादा होने की संभावना नहीं है, क्योंकि कुछ इलाकों में कम बारिश के बावजूद बुवाई रकबे का अंतर कम हो रहा है।***



एक कार्यक्रम के बाद संवाददाता सम्मेलन में चौहान ने कहा कि देश के ज्यादातर हिस्सों में खरीफफसलों के बढ़ने के हिसाब से पर्याप्त बारिश हुई है, जिससे जोखिम वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर लगभग 100 रह गई है।

उन्होंने कहा, ''कुछ जगहों को छोड़कर हमें अल नीनो का कोई बड़ा असर नहीं दिख रहा है। कुल मिलाकर स्थिति अच्छी है। फसलों की पानी की पूरी जरूरतें पूरी करने के लिए बारिश पर्याप्त हुई।'' मंत्री ने कहा कि बुवाई वाले क्षेत्र में जो कमी पिछले सप्ताह 11 प्रतिशत थी, वह अब कम हो गई है और इसके और कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''हमें अब भी स्थिति की समीक्षा करनी है क्योंकि यह रोज बदल रही है।''

कम बारिश के खरीफकी पैदावार पर असर के बारे में पूछे जाने पर चौहान ने कहा, ''अभी तक हमें कोई असर नहीं दिख रहा है।'' उन्होंने बताया कि कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में पानी की कमी है, लेकिन कहा कि कुल मिलाकर बुवाई अच्छी रही है और केवल स्थानीय स्तर पर असर पड़ने की उम्मीद है। मंत्री ने यह भी कहा कि बीज विधेयक और कीटनाशक प्रबंधन विधेयक मसौदे के रूप में तैयार हैं और सरकार के कृषि क्षेत्र सुधारों के तहत अगले सत्र में संसद में पेश किए जाएंगे।

14 अगस्त तक, खरीफफसलों की बुवाई, औसत बुवाई क्षेत्र के 92 प्रतिशत हिस्से पर पूरी हो चुकी थी, और कुल बुवाई रकबा 1,016.57 लाख हेक्टेयर था - जो एक साल पहले की तुलना में दो प्रतिशत कम है। बुवाई, जो आमतौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ तेजी पकड़ती है, इस साल अल नीनो की स्थितियों के कारण देरी से शुरू हुई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 12 अगस्त तक कुल मानसून की कमी 12 प्रतिशत रही। सबसे ज्यादा कमी पूर्वी और पूर्वोत्तर इलाकों में 26 प्रतिशत देखी गई, इसके बाद दक्षिणी प्रायद्वीप में 19 प्रतिशत और उत्तर-पश्चिम भारत में 11 प्रतिशत कमी रही।

इससे पहले, पूसा परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में, चौहान ने कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालयों के अधिकारियों को 'शक्ति की सप्त धारा' (सशक्तीकरण की सात धाराएं) के तहत शपथ दिलाई। इस ढांचे की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में की थी।

## चीनी की मिल कीमतें 5,400-5,500 रुपये प्रति क्विंटल के रिकॉर्ड स्तर पर : उद्योग निकाय

नई दिल्ली, (भाषा)।

***एक अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए शुरुआती स्टॉक कम रहने की संभावना के चलते मंगलवार को पूरे देश में चीनी की औसत मिल कीमत 5,400-5,500 रुपये प्रति क्विंटल के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। एक उद्योग निकाय ने यह जानकारी दी।***



एक साल पहले मिल कीमत 3,900 रुपये प्रति क्विंटल थी, जिससे पता चलता है कि सालाना आधार पर इसमें भारी बढ़ोतरी हुई है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मिल दरों में बढ़ोतरी के साथ ही चीनी की औसत खुदरा कीमत भी 13 प्रतिशत बढ़कर 18 अगस्त को 52.3 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो एक साल पहले 46.34 रुपये प्रति किलोग्राम थी। नए 2026-27 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) के लिए शुरुआती स्टॉक के 50 लाख टन की घरेलू जरूरत से कम रहने की संभावना है। हालांकि, सरकार ने अभी तक इस आंकड़े को अंतिम रूप नहीं दिया है।

अनुमानों में काफी अंतर है। उद्योग का एक वर्ग पहले का बचा स्टॉक को 40-42 लाख टन मानता है, जबकि शोधकर्ता इसे कम, यानी 32-35 लाख टन बताते हैं – जो नए सत्र की शुरुआत में आपूर्ति की तंगी की स्थिति की ओर इशारा करता है।

इसकी तुलना में, मौजूदा 2025-26 सत्र की शुरुआत एक अक्टूबर, 2025 को 47 लाख टन के शुरुआती स्टॉक के साथ हुई थी।

शुरुआती स्टॉक, इस साल 280 लाख टन के अनुमानित उत्पादन और सात लाख टन के निर्यात को ध्यान में रखते हुए, 2025-26 के लिए कुल उपलब्धता 320 लाख टन बैठती है, जबकि घरेलू जरूरत 285 लाख टन की होती है। इससे 35 लाख टन का पहले का स्टॉक बचता है – जो 50 लाख टन की जरूरत से भी कम है, और इससे मिल कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है।

खाद्य मंत्रालय देश भर की मिलों द्वारा बेचे जा रहे चीनी के स्टॉक पर कड़ी नजर रख रहा है। मिलों को निर्देश दिया गया है कि वे ऑनलाइन फॉर्म और जांचे गये ईमेल आईडी का इस्तेमाल करके खरीदारों को बेचे गए और उनके द्वारा उठाए गए स्टॉक की सही जानकारी दें, ताकि देश में चीनी की उपलब्धता की साफतस्वीर मिल सके।

## सार्वजनिक बैंक अपनी मजबूती को प्रतिस्पर्धात्मकता, नेतृत्व में बदलने पर ध्यान दें: सीतारमण..

नई दिल्ली, (भाषा)।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने खुद को बदलने की क्षमता साबित की है और अब उन्हें अपनी संस्थागत मजबूती को बड़ी महत्वाकांक्षा, प्रतिस्पर्धात्मकता और नेतृत्व में बदलने पर ध्यान देना चाहिए।

सीतारमण ने यहां 'पीएसबी कॉन्फ्लूएंस' के समापन सत्र में कहा कि बैंक और वित्तीय संस्थानों को 'विकसित भारत' के लक्ष्य को आकार देने, वित्तपोषित करने और उसे सक्षम बनाने में मदद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बैंकों के पास बड़ा ग्राहक आधार, व्यापक शाखा नेटवर्क, देशभर में मौजूदगी, मजबूत संस्थागत अनुभव और बढ़ती डिजिटल क्षमताएं हैं। इन खूबियों को ऐसे कारोबार और ग्राहक वर्गों में मजबूत प्रतिस्पर्धी स्थिति में बदलना चाहिए, जहां बैंक नेतृत्व कर सकते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि हर बैंक को प्रत्येक अवसर का लाभ उठाने के लिए एक ही रणनीति अपनाने की जरूरत नहीं है। हरेक बैंक को अपनी विशिष्ट ताकत की पहचान कर उन पर आगे बढ़ना चाहिए, चाहे वे भौगोलिक मौजूदगी, ग्राहक संबंध, क्षेत्रीय विशेषज्ञता, प्रौद्योगिकी क्षमता या अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी से जुड़ी हों।



उन्होंने कहा, ''हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक सामूहिक रूप से मजबूत होने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्टता और नेतृत्व की विशिष्ट क्षमता भी विकसित करें। इससे समग्र रूप से एक मजबूत और अधिक प्रतिस्पर्धी सार्वजनिक बैंकिंग व्यवस्था तैयार होगी।''

सीतारमण ने कहा कि पीएसबी इस समय काफी मजबूत स्थिति में हैं और अब इस ताकत का इस्तेमाल अधिक महत्वाकांक्षा के साथ करने की जरूरत है। उन्हें अवसरों की पहले पहचान करने, मांग बढ़ने से पहले क्षमताएं विकसित करने और भारत की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण में अग्रणी भूमिका बनाए रखने पर ध्यान देना चाहिए।

वित्त मंत्री की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ने के साथ कम-से-कम एक भारतीय बैंक दुनिया के शीर्ष पांच बैंकों में होना चाहिए।

इस सम्मेलन में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों के करीब 125 वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में जमा राशि जुटाने, युवाओं के लिए बैंकिंग, निवेश चक्र को समर्थन, वैश्विक क्षमता केंद्रों, कृषि एवं बागवानी, क्रेडिट कार्ड कारोबार और प्राथमिकता क्षेत्र ऋण समेत सात विषयों पर चर्चा हुई।

## बाजार में आवक कम रहने, संयंत्रों की मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल - तिलहन में सुधार..

नई दिल्ली, (भाषा)।



सोयाबीन संयंत्रों की मांग बढ़ने और मंडियों में आवक घटने के कारण मंगलवार को सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार आया। इसके अलावा विदेशों में तेजी के असर के कारण सरसों तेल-तिलहन, मलेशिया एक्सचेंज मजबूत होने की वजह से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम मजबूत रहे। सामान्य कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम स्थिर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में दोपहर के कारोबार में सुधार था। जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में घट-बढ़ जारी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि छुट्टियों के बाद बाजार में आवक बढ़ने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन आवक मात्र 70-75 हजार बोरी की रही। उल्लेखनीय है कि देश में सोयाबीन की दैनिक मांग 2.5-3 लाख बोरी की होती है। कल रात शिकॉगो एक्सचेंज मजबूत बंद हुआ था। मांग रहने और आवक कमजोर रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार है। वैसे आयातक लागत से नीचे दाम पर सोयाबीन, पाम-पामोलीन तेल बेच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज के मजबूत होने से पाम-पामोलीन तेल के दाम में भी सुधार देखा गया। सरसों तिलहन का दाम मजबूत होने की वजह से सरसों तेल-तिलहन में भी सुधार आया।

आयातित खाद्य तेलों से महंगा होने की वजह से सामान्य और सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम स्थिर रहे।

तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 8,275-8,325 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,350-7,925 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 17,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,680-2,980 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,800 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,735-2,835 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,735-2,890 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,025 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,750 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 17,000 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स- कांडला- 14,375 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,025-7,075 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 6,875-6,975 रुपये प्रति क्विंटल।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# पॉली एकेडमी में धूमधाम से मनाया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों के फैंसी ड्रेस ने सराहा**



जगप्रेरणा लांजी।

***पाली अकादमिक संस्थान बिसोनी में देश का 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय एवं देशभक्ति के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।***

समारोह में संस्था के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, पालक एवं पालक शिक्षक संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं संस्था पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय ने ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों ने पीटीआई भगवंती खान के मार्गदर्शन में आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत की। विद्यार्थियों की कदमताल और अनुशासन ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों को प्रभावित किया।

समारोह में संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य, प्रबंधक संजय चौरे एवं प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। वहीं प्रखर देशना कैरियर एंड वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती शकुन्तला भीमटे एवं सदस्य सुश्री नमिता भीमटे की गरिमामयी उपस्थिति रही। पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कोमल काड़े, उपाध्यक्ष श्रीमती समिता चन्द्रिकापुरे सहित कार्यकारिणी के सभी सात सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां..

ध्वजारोहण एवं औपचारिक कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य, एकल गायन एवं प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों एवं राष्ट्रनायकों के बलिदान को स्मरण किया। बच्चों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया।

समारोह में नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बच्चे स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के महापुरुषों की वेशभूषा में सजकर मंच पर पहुंचे, जिसे देखकर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक उनका उत्साहवर्धन किया।

## शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान..

संस्थान की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य एवं प्रबंधक संजय चौरे ने अपने उद्बोधन में सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम को जीवन का आधार बनाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा ने संस्थान की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं गणमान्यजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। पालक शिक्षक संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती समिता चन्द्रिकापुरे ने भी अपने उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों में देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति एवं कर्तव्यबोध की भावना जागृत की।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्थान की ओर से विद्यार्थियों, पालकों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। मिष्ठान वितरण के साथ ही विद्यालय परिसर में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।

समारोह को सफल बनाने में संस्थान के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफका महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के सामूहिक प्रयासों से स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# विकसित और समृद्ध गांव से परिवार और समाज को मिलेगा लाभ..

**उज्वल भविष्य की मंगल कामनाओं के साथ कारंजा में अखंड रामायण पाठ संपन्न..**



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम कारंजा में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन लाइफ***

फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का 17 अगस्त को शुभारंभ होकर 18 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ। धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न सेवा गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

## जैविक खेती एवं नए संसाधन – स्वस्थ किसान, समृद्ध गांव की ओर कदम..

जैविक खेती आज के समय में केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, सुरक्षित पर्यावरण और किसानों की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से खेती को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सकता है। जैविक खेती में गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खाद, हरी खाद, फसल अवशेष एवं प्राकृतिक जैविक कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। इससे मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, जल एवं पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि भूमि के दीर्घकालीन स्वास्थ्य में मदद मिलती है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा – उज्वल भविष्य की मजबूत नींव..

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बच्चों की शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल पढ़ना-लिखना सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, संस्कार, सोचने-समझने की क्षमता और अपने भविष्य के प्रति जागरूकता पैदा करने का आधार है। गांव का प्रत्येक बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त करे, यही मजबूत और समृद्ध समाज की पहचान है

## शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी

बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन, ईमानदारी, मेहनत, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की सीख देना भी आवश्यक है। परिवार, शिक्षक और समाज मिलकर बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें तो वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं।

## पौधारोपण अभियान – हरियाली से समृद्ध और स्वस्थ गांव की ओर एक कदम..

'एक पौधा लगाएं, प्रकृति बचाएं – स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन अपनाएं।'

पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पौधारोपण अभियान कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। लोगों को बताया गया कि पौधा लगाना केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी उतनी ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## हवन-यज्ञ सम्पन्न हुआ..

अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के दौरान हवन-यज्ञ का आयोजन कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। गौ माता का पूजन कर गौ संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। की ओर से नेत्र संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

## योग से स्वस्थ जीवन का संदेश..

कार्यक्रम के दौरान योग शिविर का भी आयोजन किया गया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को योग और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

## बच्चों ने मंच के माध्यम दिया समाज संदेश..

कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत कर सामाजिक संदेश दिए। वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, संस्कार, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है।

पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण एवं जीव संरक्षण का संदेश दिया गया।

## अध्यात्म के साथ शिक्षा, सेवा का संदेश..

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि धार्मिक आयोजनों को समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति एवं संस्कार निर्माण जैसे कार्यों से जोड़कर समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आयोजकों ने कहा कि 'मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।' इसी भावना के साथ सावन माह में 30 गांवों में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सर्वश्री गणमान्य सहयोगी समस्त ग्रामवासी ग्राम कारंजा के प्रत्येक सदस्य, नागरिकों, हनुमान मंदिर समिति का सहयोग प्राप्त हुआ।

## ग्राम साडरा में भी अखण्ड पाठ का शुभारंभ..

इसी क्रम में ग्राम साडरा में 18 अगस्त 2026 को स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 19 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

# सावन मास के चलते कोटेश्वर धाम में अखंड रामायण पाठ संपन्न..

## महाप्रसाद वितरण से हुआ कार्यक्रम का समापन..



जगप्रेरणा लांजी।

***कोटेश्वर सेवा समिति लांजी द्वारा विगत 32 वर्षों से श्रावण मास के तृतीय सोमवार को कोटेश्वर धाम परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है।***

वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा क्षेत्र में आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। श्रावण मास के तृतीय सोमवार 17 अगस्त को प्रातः 10 बजे से भगवान कोटेश्वर महादेव के अभिषेक, पूजन-अर्चन के साथ संगीतमय अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाता है। सम्पूर्ण पूजा हवन पूजन पंडित विश्वनाथ तिवारी जी द्वारा संपन्न कराई जाती है श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ रामायण पाठ में शामिल होकर भगवान शिव और श्रीराम की आराधना करते हैं। बता दे कि पावन श्रावण मास पर कोटेश्वर सेवा समिति के द्वारा वर्ष 1995 से लगातार इस धार्मिक आयोजन की परंपरा निभाई जा रही है। इस वर्ष संगीतमय अखंड रामायण पाठ का 32वां वर्ष है।

आयोजन के तहत 17 अगस्त को प्रातः 10 बजे कोटेश्वर धाम परिसर में भगवान श्री कोटेश्वर महादेव का अभिषेक, पूजन-अर्चन एवं हवन के साथ अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया मुख्य यजमान महेंद्र गुड्डू करहिे परिवार साथ पंडित विश्वनाथ तिवारी द्वारा विधि-विधान से पूजन एवं हवन संपन्न कराया गया ।

अखंड रामायण पाठ सेवती की पूनम भजन एवं रामायण मंडली द्वारा संगीतमय रूप से किया जाएगा। अगले दिन 18 अगस्त को अखंड रामायण पाठ के समापन के पश्चात हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन समिति द्वारा किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर कोटेश्वर सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तैयारियों में जुटे नज़र आए आयोजन में कोटेश्वर सेवा समिति से राजा महिमेहरो, महेन्द्र गुड्डू कर्हिे, मनीष पाण्डे, अमित गोलू पाण्डे, उमाकांत उपराडे, दीपक अग्रवाल, जितेन्द्र विक्की तिडके, राकेश रणदिवे, अमित आसटकर, सचिन रावल, जीवन किरनापुरे, डेमेश्वर किरनापुरे, अजय उके, श्रीकान्त कचवाहे, धनेन्द्र जैतवार, अमित पशीने, इन्द्रजीत अहिरवार सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय भूमिका रही।

श्रावण मास में कोटेश्वर धाम में होने वाला यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। एक ओर जहां श्रद्धालु भगवान कोटेश्वर महादेव की आराधना करेंगे, वहीं दूसरी ओर संगीतमय अखंड रामायण पाठ से पूरा धाम राम नाम की भक्ति में सराबोर नजर आएगा। श्री अखण्ड रामायण पाठ के समापन के पश्चात समिति के सभी सदस्यों के द्वारा धाम परिसर मे महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया जहाँ बड़ी संख्या मे श्रद्धालू भक्त जनों ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।


### कार्यालय जनपद पंचायत किरनापुर, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

**।। निविदा ।।**

कार्यालय जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (म.प्र.) में स्थित काम्पलेक्स में नव-निर्मित 7 दुकान क्रमांक 01 से 22 तक की ई-टेण्डर निलामी की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें निर्धारित शर्तो के 7 अनुसार नीलामी की कार्यवाही में सम्मिलित होने वाले समस्त निविदाकार को सूचित किया जाता है कि प्रमाणित दस्तावेजों सहित **mptenders** पोर्टल **(https://mptenders.gov.in)** पर ऑनलाईन निविदाये दिनांक 18/08/2026 से दिनांक 18/09 / 2026 को सायं 05:30 बजे तक समस्त आवश्यक 7 जानकारी सहित ऑनलाईन टेण्डर कर सकते है। निविदाये दिनांक 22/09/2026 को अपरान्ह 11:00 बजे 7 जनपद पंचायत कार्यल्य किरनापुर में खोली जावेगी । निविदा सामग्री का विवरण ऑनलाईन पोर्टल **(https://mptenders.gov.in)** पर उल्लेखित होगा। जनपद पंचायत काम्पलेक्स में निर्मित दुकानों से संबंधित 7 निविदा संबंधी अन्य जानकारी / विवरण कार्यालीयन समय में जनपद पंचायत कार्यालय किरनापुर से देखी की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत किरनापुर



दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433


# आबकारी कार्यालय लांजी में हर्षोल्लास से मनाया गया 80 वॉ स्वतंत्रता दिवस..



**जगप्रेरणा लांजी।**

नगर के आबकारी कार्यालय में 15 अगस्त को 80 वॉ स्वतंत्रता दिवस गरिमामय समारोह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः7.30 बजे आबकारी आरक्षक राहुल महोबिया के द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी व राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर बेनीराम तिड़के सेवा निवृत्त प्रधान आरक्षक के अलावा कपिल टांडेकर, नाथुराम सातपुते, सुरेन्द्र बड़गैया, विजय मोहारे, महेंद्र बड़घैया, ओंकार रतोने, रामदास सातपुते, टी एल कटरे, गनपत बिलगौर, नरेन्द्र सातपुते, मनोहर मेश्राम, रूपचंद तिड़के, निक्कू सातपुते, लखन ब्रह्मपुरे, रेखलाल गोदुले, मयाराम गोटाफोड़े, रवि मेश्राम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# महिला स्वास्थ संबंधी चिकित्सा शिविर 21 को, पशीने पॉली क्लीनिक में होगा आयोजन..



जगप्रेरणा लांजी।

***महिलाओं के स्वास्थ्य और मातृत्व संबंधी समस्याओं के बेहतर उपचार एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श को लेकर पहल जानी विमेंस हॉस्पिटल एवं टेस्ट***

ट्यूब बेबी सेंटर द्वारा 21 अगस्त 2026 को विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर लांजी-भिलाई मार्ग स्थित पशीने पॉली क्लिनीक एवं मल्टी फेसिलिटी हॉस्पिटल में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। पहलजानी विमेंस हॉस्पिटल महिला स्वास्थ्य एवं प्रजनन संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए समर्पित चिकित्सा संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है।

अस्पताल में महिलाओं से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। शिविर के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों की महिलाओं तक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और चिकित्सकीय सलाह पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में बांझपन एवं संतान प्राप्ति संबंधी समस्याए गर्भावस्था की जटिलताएं, अधिक या अनियमित मासिक धर्म, एंडोमेट्रियोसिस, पॉलीसिस्टिक अंडाशय की समस्या, अंडाशय में सूजन, बच्चेदानी की विभिन्न समस्याएं, बच्चेदानी में संक्रमण एवं कैंसर, सफेद पानी तथा अन्य स्त्री रोगों से संबंधित जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श दिया जाएगा। इसके साथ ही दूरबीन द्वारा बच्चेदानी की जांच एवं शल्य चिकित्सा, बच्चेदानी निकालने की विभिन्न शल्य प्रक्रियाएं, अधूरे या रुके हुए गर्भ से संबंधित उपचार तथा गांठ एवं पुटी जैसी समस्याओं के उपचार के संबंध में भी चिकित्सकीय सलाह दी जाएगी।

आयोजकों के अनुसार शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श शुल्क पूरी तरह निःशुल्क है। अस्पताल प्रबंधन ने महिलाओं से आग्रह किया है की वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करें और समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार कराएं। विशेष रूप से लंबे समय से मासिक धर्म की अनियमितताए दर्द, बांझपन या अन्य स्त्री रोग संबंधी परेशानी से जूझ रही महिलाएं इस शिविर का लाभ उठा सकती हैं।




मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बिछिया के गांवों का किया सघन निरीक्षण..

## स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश..





**जगप्रेरणा मंडला।**

जबलपुर संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के साथ मंडला जिले के बिछिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चरगांव और मांगा का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं और जनकल्याणकारी सेवाओं के जमीनी क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से सीधे संवाद किया।

संभागायुक्त ने चरगांव स्थित उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की। क्षेत्र में संचालित नल-जल योजना और हैंडपंपों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी पेयजल स्रोतों में नियमित क्लोरीनेशन और वाटर टेस्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आंगनबाड़ी में पोषण व्यवस्था की जांच..

स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की स्थिति जानने के लिए संभागायुक्त ने चरगांव के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी शिक्षा, नाश्ता और पोषण आहार की जानकारी ली। जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ और सुपरवाइजर को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर निरीक्षण पंजी में टीप दर्ज करने तथा बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार, नाश्ता एवं मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध दवाओं, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारियों को एएनसी पंजीयन की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा गर्भवती महिलाओं को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### स्कूल और आश्रम शाला में व्यवस्थाओं का लिया जायजा..

मांगा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करते हुए संभागायुक्त ने स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक गुणवत्ता की जानकारी ली। इसके बाद राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह शासकीय बालक आश्रम शाला मांगा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से भोजन, नाश्ता और आवासीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को आश्रम शालाओं का नियमित निरीक्षण कर निर्धारित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा स्कूलों एवं छात्रावासों में खेलकूद गतिविधियों के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

### लंबित शिकायतों का समय-सीमा में करें निराकरण

क्षेत्रीय भ्रमण के बाद जिला पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संभागायुक्त ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान, सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों में लंबित नामांतरण, बंटवारा तथा राजस्व अभिलेखों में पारित आदेशों के अमल से संबंधित मामलों का भी समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन के एक लंबित नामांतरण प्रकरण में संभागायुक्त ने आवेदक से दूरभाष पर सीधे चर्चा की। प्रकरण का समाधानपूर्ण निराकरण नहीं होने पर उन्होंने नायब तहसीलदार बम्हनी द्वारा की गई कार्रवाई की एडीएम से रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए।

लोक सेवा केंद्र के माध्यम से अविवादित नामांतरण और समय पर राजस्व नकल उपलब्ध कराने की सेवाओं की भी समीक्षा की गई। इस संबंध में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौधरी से रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए गए।

### दस्तक अभियान और संक्रामक रोगों की रोकथाम पर जोर..

संभागायुक्त ने जनजातीय कार्य, स्कूल शिक्षा, जिला शिक्षा केंद्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट करने और संस्थाओं का निरीक्षण कर निरीक्षण पंजी में टीप दर्ज करने के निर्देश दिए। पीएचई विभाग को स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और छात्रावासों में पेयजल नमूनों की नियमित जांच कराने तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में दस्तक अभियान की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित करने को कहा गया। वर्षा जनित संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं उपचार के लिए भी तत्परता से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को जिले में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यक टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जर्जर भवन के साए में पढ़ाई: झूलनटोला के बच्चों की जान जोखिम में, नए स्कूल भवन की मांग तेज





**जगप्रेरणा मण्डला।**

विकासखंड मवई की ग्राम पंचायत देवरीदादर के आश्रित ग्राम झूलनटोला में प्राथमिक शाला भवन के अभाव ने बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय का पुराना भवन वर्षों पहले जर्जर घोषित कर डिस्मेंटल कर दिया गया था, लेकिन आज तक नए भवन का निर्माण नहीं कराया गया। परिणामस्वरूप करीब पांच दर्जन बच्चे किसी ग्रामीण के निजी घर अथवा खुले असुरक्षित स्थान पर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर पिछले तीन वर्षों से लगातार आवेदन दिए जा रहे हैं। अक्टूबर 2024 में सरपंच द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी मवई को पत्र भेजा गया था, वहीं ग्राम सभा में भी प्रस्ताव पारित कर नया भवन स्वीकृत करने की मांग की गई। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के दौरान भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीण जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर तथा डीपीसी के समक्ष अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने मांग की कि जिले के सभी जर्जर विद्यालयों का सर्वे कराकर एक माह के भीतर नए भवन स्वीकृत किए जाएं। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

पालक महासंघ के जिला अध्यक्ष पी.डी. खैरवार ने कहा कि झूलनटोला सहित जिले के अनेक आदिवासी अंचलों में बच्चे मूलभूत सुविधाओं से वंचित होकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षकों की कमी, जर्जर भवन और संसाधनों के अभाव से बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो पालकों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की शिक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा जब बच्चों को सुरक्षित भवन और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। फिलहाल झूलनटोला के बच्चे एक निजी घर के कमरे में पढ़ाई करने को विवश हैं, जिससे अभिभावकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# बड़झर में पारंपरिक पटा बैठक के साथ मनाई गई नागपंचमी, नागदेव की आराधना में जुटे ग्रामीण..



**जगप्रेरणा मण्डला।**

जिले के बसनिया बांध डूब प्रभावित आदिवासी बाहुल्य ग्राम बड़झर में नागपंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी गांव में सार्वजनिक रूप से पटा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

समाजसेवी पी.डी. खैरवार ने बताया कि नागपंचमी का पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान और सह-अस्तित्व का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि साँप भले ही विषैले हों, लेकिन वे किसानों के मित्र और पर्यावरण संतुलन के महत्वपूर्ण रक्षक हैं। जंगल और कृषि प्रधान क्षेत्र मण्डला में इस पर्व का विशेष महत्व है।

ग्रामीणों के अनुसार पटेल मुक्कदम सुमरिन लाल परते के निवास पर 'जौहार सुमरनी' के साथ पटा बैठक की शुरुआत हुई। हवन में घी, राल और लोभान की आहुति दी गई तथा पारंपरिक गीतों और ढोल-मंजीरों की धुन पर नागिन नृत्य प्रस्तुत किया गया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने गांव की सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना की।

नागपंचमी पर ग्रामीणों ने माहुल पत्तों के दोने में दूध अर्पित कर नागदेव की पूजा की। घरों की देहरी पर गोबर से नाग-नागिन की आकृतियां बनाकर प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। ग्रामीणों का मानना है कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का भी संदेश देता है।

पी.डी. खैरवार ने कहा कि नागपंचमी हमें सिखाती है कि प्रकृति में हर जीव का अपना महत्व है। साँप खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले चूहों को नियंत्रित कर किसानों की मदद करते हैं तथा जंगलों के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बड़झर में यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं लोक आस्थाओं को संरक्षित रखते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। नागपंचमी के अवसर पर गांव में पूरे दिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# ग्राम खाल्हेगिठौरी में कांवड़ यात्रियों का हुआ भव्य स्वागत, ग्रामवासियों ने किया सेवा-सत्कार



**जगप्रेरणा मंडला।**

सावन माह के तीसरे सोमवार के अवसर पर विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत खाल्हेगिठौरी में कांवड़ यात्रियों का ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान गांव में सेवा, सहयोग और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच गंगावती मरावी एवं पूर्व सरपंच बलीराम मरावी द्वारा कांवड़ यात्रियों के लिए डीजे और वाहन की व्यवस्था की गई। वहीं उपसरपंच रजा अहमद मलिक (निक्कू) ने श्रद्धालुओं को केला प्रसाद वितरित किया। कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी पवन जोनवार द्वारा चाय-पानी की व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत के सहायक सचिव राजेंद्र यादव सहित गांव के अनेक युवाओं और ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए तन, मन और धन से सहयोग प्रदान किया। ग्रामीणों ने कहा कि सावन माह में भगवान शिव की आराधना के लिए निकलने वाले कांवड़ यात्रियों की सेवा करना पुण्य का कार्य माना जाता है। सभी के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

ग्रामवासियों ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार एकजुट होकर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहयोग और सेवा का भाव बना रहेगा। कांवड़ यात्रियों ने भी ग्राम खाल्हेगिठौरी के लोगों द्वारा किए गए स्वागत और व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

# सिंगारपुर में नवांकुर सखी हरियाली व तिरंगा यात्रा निकाली, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**जगप्रेरणा मंडला।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में ग्राम पंचायत सिंगारपुर में नवांकुर संस्था पूर्णिमा समाज कल्याण समिति औढारी द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा, तिरंगा यात्रा एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और हरित वातावरण के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक सुशीला ठाकुर की उपस्थिति में नवांकुर सखियों को फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि 'नवांकुर सखी योजना' के माध्यम से महिलाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी और अपनत्व की भावना विकसित की जा रही है। प्रत्येक परिवार को पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण किया गया। इसके बाद ग्रामीणों, महिलाओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' रैली निकालकर देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली के दौरान लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच अंजनी मरावी, उपसरपंच राजेश चक्रवर्ती, समाजसेवी हीरा सिंह उइके, सचिव गोपाल धुर्वे, ग्राम रोजगार सहायक सुरेश विश्वकर्मा, कार्यक्रम समन्वयक ब्रज कुमार आर्मो सहित ग्राम प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, सदस्यगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा ने किया स्मरण, संगोष्ठी में साझा हुई विभाजन की दर्दनाक यादें




**जगप्रेरणा मंडला।**

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडला द्वारा जिला कार्यालय में स्मृति एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश विभाजन के दौरान विस्थापन, हिंसा और अपने प्राणों की आहुति देने वाले लाखों लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उस ऐतिहासिक त्रासदी को याद किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाज के प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि 14 अगस्त 1947 भारतीय इतिहास का ऐसा दिन है, जिसकी पीड़ा आज भी करोड़ों लोगों के मन में जीवित है। देश के विभाजन ने लाखों परिवारों को अपने घर, जमीन, रिश्तों और जड़ों से अलग कर दिया था। उस समय हुई हिंसा, विस्थापन और नरसंहार की घटनाएं मानव इतिहास के सबसे दुखद अध्यायों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल अतीत को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास से सीख लेने और राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देने का भी माध्यम है।

सांसद कुलस्ते ने कहा कि जिन लोगों ने विभाजन की पीड़ा झेली, उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी साहस नहीं खोया और अपने परिश्रम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके संघर्ष, त्याग और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण तिवारी ने विभाजन के दौरान अपने प्राण गंवाने वाले असंख्य लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि विभाजन की त्रासदी ने अनगिनत परिवारों को प्रभावित किया था। लाखों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर नए स्थानों पर जीवन की शुरुआत करनी पड़ी। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद इन परिवारों ने संघर्ष करते हुए देश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि विभाजन के समय हुई घटनाओं को पढ़ने और सुनने मात्र से आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा, लूटपाट और नरसंहार हुए, जिनमें बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। ऐसे दर्दनाक इतिहास को याद रखना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी परिस्थितियां दोबारा उत्पन्न न हों। कार्यक्रम में विभाजन की घटनाओं पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। इसके माध्यम से उस दौर की परिस्थितियों, विस्थापित परिवारों के संघर्ष और उनकी पीड़ा को उपस्थित जनों के सामने प्रस्तुत किया गया। डॉक्यूमेंट्री देखकर कई लोग भावुक हो उठे। संगोष्ठी में सिख संगत के अमरीक सिंह, सिंधी समाज के रोचीराम गुरवानी तथा गणेश जसवानी ने विभाजन काल की घटनाओं और अपने परिवारों के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पंजाब और अन्य क्षेत्रों में लोगों को अत्याचार, हिंसा और असुरक्षा का सामना करना पड़ा। लाखों परिवारों को रातों-रात अपना घर छोड़कर नए स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। उन्होंने कहा कि उनके परिवारों के बुजुर्गों ने विभाजन की पीड़ा झेलने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और कठिन संघर्ष करते हुए अपने परिवारों का पालन-पोषण किया। कार्यक्रम के दौरान विभाजन काल की स्मृतियों को संजोए हुए वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। चेतन दास सुखवानी, हरदास सिरवानी, रमेश पंजवानी एवं अमरीक सिंह को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे वरिष्ठजन इतिहास के जीवंत साक्षी हैं, जिनके अनुभव नई पीढ़ी को देश के अतीत को समझने में मदद करते हैं। संगोष्ठी प्रभारी पारस असरानी ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि भाजपा नगर अध्यक्ष रानू राजपूत ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूज्य पंचायत मंडला के पदाधिकारी एवं सदस्य, भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जोरावर सिंह, आकाश छत्री, हरीश गुरवानी, देव राजानी सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने विभाजन की त्रासदी में अपने प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनीं 86 आवेदनकर्ताओं की समस्याएं..

## समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश..

**जगप्रेरणाा मंडला।**

जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री हुनेन्द्र घोरमारे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं और शिकायतें गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल '86 आवेदनकर्ताओं' ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

अपर कलेक्टर श्री घोरमारे ने प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का 'निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ निराकरण' सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिकों की अधिकारियों ने भी व्यक्तिगत रूप से समस्याएं सुनीं और आवश्यक कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ तहसीलदार श्री हीरालाल तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से पथ विक्रेताओं को मिलेगा ऋण का लाभ..

**जगप्रेरणा मंडला।**

नगर पालिका परिषद मंडला ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पात्र पथ विक्रेताओं से ऋण के लिए आवेदन करने की अपील की है। योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए चरणबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजना के तहत प्रथम चरण में 15 हजार रुपए, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपए तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपए तक का ऋण प्राप्त किया जा सकता है। नगर पालिका के अनुसार, जिन हितग्राहियों ने प्रथम चरण का 10 हजार अथवा 15 हजार रुपए का ऋण चुका दिया है, वे 25 हजार रुपए तक के ऋण के लिए पात्र होंगे। वहीं, 20 हजार रुपए का ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों को बैंक के माध्यम से 50 हजार रुपए तक का ऋण मिल सकेगा।

व्यवसाय को विस्तार देने के इच्छुक पथ विक्रेता योजना के तहत ऑनलाइन ऋण आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए नगर पालिका परिषद मंडला के शहरी आजीविका मिशन कार्यालय, शहरी आजीविका केंद्र, नगर पालिका कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, जिला अस्पताल मंडला के सामने संपर्क किया जा सकता है।

### ये दस्तावेज जरूरी..

ऋण आवेदन के लिए हितग्राही के पास आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो, कार्यस्थल/व्यवसाय की फोटो, पैन कार्ड, पथ विक्रेता कार्ड एवं समग्र आईडी होना आवश्यक है। नगर पालिका परिषद ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने की अपील की है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जीआर और डीबीटी रद्द करने की मांग को लेकर देवरी में आदिवासी छात्रों का धरना..

### गोंदिया जिले के हजारों छात्र आंदोलन में शामिल..



जगप्रेरणा देवरी।

***आदिवासी विकास विभाग के विवादित जीआर (GR) 5/14 अगस्त और डीबीटी (DBT) योजना को तत्काल रद्द करने की मुख्य मांग को***

लेकर पूरे महाराष्ट्र में आदिवासी छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। इस आंदोलन का व्यापक असर गोंदिया जिले में भी देखने को मिल रहा है, जहाँ देवरी स्थित आदिवासी प्रोजेक्ट कार्यालय के सामने गोंदिया जिले के लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं ने बेमियादी (अनिश्चितकालीन) धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। 'आदिवासी विद्यार्थी संघ गोंदिया' ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है, 'जब तक विवादित जीआर रद्द नहीं होता, तब तक आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा।'

सोमवार 17 से शुरू हुए इस आंदोलन में जिले के विभिन्न तहसीलों के सरकारी आदिवासी छात्रावासों (हॉस्टलों) के छात्र और छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए हैं। प्रोजेक्ट कार्यालय परिसर में डटे छात्रों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि डीबीटी योजना के कारण छात्रों की छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं में बाधाएं आ रही हैं, वहीं 14 अगस्त का विवादित जीआर आदिवासी छात्रों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रहा है।

इस आंदोलन का नेतृत्व राहुल येल्ले, देवेंद्र मरस्कोल्हे, रतिराम सिन्द्राम, मनोज इळपाचे, मनीष गावळ, ममता नाईक और योगिता वरखडे कर रहे हैं। साथ ही इस आंदोलन को एम्प्लॉईज नेता चेतन उईके, विलास भोगारे, मधुर दिहारी, लोकेश ताराम और मुन्ना कोसमे का विशेष सहयोग व समर्थन मिला है।

आंदोलन के कारण देवरी स्थित आदिवासी प्रोजेक्ट कार्यालय परिसर में भारी तनाव की स्थिति पैदा हो गई है और प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हालांकि, मांगें पूरी होने तक पीछे न हटने के छात्रों के संकल्प से इस आंदोलन के और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

### मुख्य मार्ग आमगांव एवं गोंदिया रोड सहित..

# विभिन्न कॉलोनियों की बंद स्ट्रीट लाइटें शुरु करने के काम मे लगा प्रशासन..

### भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने तहसीलदार मोनिका कांबळे को निवेदन देकर की मांग का एंव दैनिक जगप्रेरणा की खबर का असर..





जगप्रेरणा प्रा.गणेश भदाडे
आमगांव।

***आमगांव रेलवे स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक के मुख्य मार्ग तथा गोंदिया रोड पर स्थापित अधिकांश स्ट्रीट लाइटें पिछले कई दिनों से बंद पड़ी हैं।***

इसके कारण प्रतिदिन इस मार्ग से आवागमन करने वाले हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को रात्रि के समय अत्यधिक कठिनाइयों एवं असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मुख्य मार्ग से जुड़े शुभम नगर, नितिन नगर, नारायण नगर, द्वारका धाम, सिद्धार्थ नगर, रेणुका नगर, गणेश नगर, इंद्रप्रस्थ नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों के आंतरिक मार्गों पर लगे विद्युत पोलों के बल्ब भी लंबे समय से खराब पड़े हैं। परिणामस्वरूप संपूर्ण क्षेत्र में रात्रि के समय घना अंधकार व्याप्त रहता है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

वर्तमान में वर्षा ऋतु के चलते जहरीले कीड़े-मकोड़ों, सांप एवं बिच्छुओं का खतरा भी बढ़ गया है। अंधेरे के कारण कई नागरिक इन जहरीले जीवों के शिकार हो चुके हैं। समय पर प्राथमिक उपचार मिलने से उनकी जान बच सकी, किंतु भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग एवं गोंदिया रोड पर अंधेरा रहने के कारण असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। हाल ही में बाजार परिसर की पाँच दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना ने नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न कर दिया है। अतःजनहित एवं नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आमगांव रेलवे स्टेशन से छत्रपति शिवाजी महाराज चौक तक के मुख्य मार्ग, गोंदिया रोड तथा उनसे संबंधित सभी कॉलोनियों की बंद स्ट्रीट लाइटों एवं खराब विद्युत पोलों के बल्बों की तत्काल मरम्मत कराकर उन्हें यथाशीघ्र प्रारंभ कराने करे ताकि नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके तथा भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके जनहित के इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने परीविक्षाधिन उपविभागीय अधिकारी सौरभ रंगाटे एवं तहसीलदार मोनिका कांबळे को निवेदन सौपा था।

अवसर पर नरेंद्र जी वाजपेयी, मनोज सोमवंशी, संदीप थानथराटे, रोहित गुप्ता, संस्कार असाटी, विक्की मानकर, अमन असाटी, श्रेयस भुजाडे अरविंद बागड़े, शिवम अग्रवाल, वैभव असाटी विश्वास चौहान, सागर चुटे सौरभ गुप्ता, संतोष मानकर उपस्थित थे। इस मांग एवं दैनिक जगप्रेरणा की खबर की दखल लेते हुये आमगांव शहर की विभिन्न नगरों एवं मुख्य मार्ग के स्ट्रीट लाइट शुरु करने का काम तेजी से शुरु कर दिया है जिसके चलते नागरिकों ने भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा एवं दैनिक जगप्रेरणा का आभार व्यक्त किया है।

### उधार दिये पैसे वापस मांगने की बात पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/ 8/ 2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान आमगाव मे फर्यादी आशिश गोवर्धन उपाध्याय उम्र 32 वर्ष निवासी जियो पेट्रोल पंप गोंदिया अपने उधार दिये पैसे मांगने आरोपी के पान दुकान गये थे। जहां आरोपी ने अपने चचेरे भाई को फोन कर के बुलाया और दोनो ने खर्रा घोटने की पटिया से मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 536/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 3, 3, 5, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा बर्वे पोस्टे आमगांव कर रहे है।

समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

# विजयश्री पतसंस्था मे 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



जगप्रेरणा गोंदिया।

***स्थानिय विजयश्री नागरी सह. पत संस्था, रामनगर गोंदिया मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस की 79 वी वर्षगांठ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। संस्था अध्यक्ष श्री संजय विजयकुमार जायसवाल इनके***

शुभ हस्ते वरिष्ठ नागरिक व से नि शिक्षक श्री वसंत बढ़े की अध्यक्षता एवम विशेष अतिथि डॉ श्री हरीश बजाज एवं श्री भरतभाऊ क्षत्रिय की विशेष उपस्तिथि में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात सामुहिक रुप से राष्ट्रगान सम्पन्न हुआ। संस्था के समस्त पदाधिकारीयो ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभासदों व नागरिकों को हार्दिक बधाई दी एवं अपने समायोचीत विचार व्यक्त कीये। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष गणेश चिंधालोरे, सचिव शैलेशभाई पटेल, संचालकगण मो. शकील शेख, होमलाल गौतम, आर डी रामटेक्कर, एस ए वहाब , एड सतीश सुखदेवे, सौ रुक्मिणी गुप्ता, केशव चित्रिव, मुकेश पटेल एवं संस्था सभासद गुरदास मूलचंदानी, संजय नशिने, हर्षवर्धन जायसवाल, दैनिक अभिकर्ता सज्जाद खान, विजय साहु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरीक उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात समस्त उपस्थित नागरिकों के लिए संस्था कार्यालय में जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के कर्मचारीगण भारतभुषण चौरे, रामराज बोरकर, संजय बागडे, कु. प्रेमलता नायडु, सुखदेव शेंद्रे, अविनाश कनौजिया ने अथक प्रयास किया। अंत मे आभार प्रदर्शन संस्था व्यवस्थापक दिपक श्रीवास ने किया।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### दुकान के सामने से मोपेड चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/8/2026 के दोपहर 12 बजे से 4 बजे के दरम्यान गोंदिया मे फर्यादी ने अपनी डेस्टनी मोपेड किमत 40 हजार रुपये की दुकान के सामने रखी थी। घटना समय के दरम्यान अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 652/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ भाटिया पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### रेल्वे के सामने कुदकर गवाई जान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/ 8/ 2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान गंगाझरी रेल्वे पोल क्रमांक 1008/25 के पास रेलगाडी क्रमांक 12102 के सामने कुदकर आत्महत्या की है, फर्यादी दुर्गेश पितरू गोदेवार उम्र 35 वर्ष स्टेशन मास्टर के दिये मेमो पर पोस्टे गंगाझरी मे अकस्मात मौत क्रमांक 17/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा भुपेश कटरे पोस्टे गंगाझरी कर रहे है।

### घर के बाजु मे रखी जेसीबी से सामान चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/ 8/ 2026 के रात कोयलारी मे फर्यादी लिलाधर हिरानंद ठाकरे उम्र 37 वर्ष निवासी कोयलारी ने अपनी जेसीबी घर के बाजु मे रखी थी। घटना की रात अज्ञात चोर ने जेसीपी का बुम, बुम सिलेंडर, बोनेट, बॅटरी बॉक्स, पुराना डिझल पंप कुल 72 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 788/2026 धारा 303, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी कवडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

# रवींद्र विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय चोपा के विद्यार्थियों ने NMMS परीक्षा में हासिल की सफलता



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे की ओर से आयोजित NMMS परीक्षा में रवींद्र विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय,***

चोपा की छात्राओं कु. काव्या रमेश बिसेन एवं कु. कांची राजकुमार चुटे ने सफलता हासिल की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्रजी फडणवीस के जन्मदिन तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजित दादा पवार की जयंती के अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन सड़क अर्जुनी में किया गया था।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रफुलजी पटेल, विधायक श्री राजकुमारजी बडोले सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान NMMS परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली दोनों छात्राओं का सम्मान किया गया।

भवभूति शिक्षण संस्था के कार्यवाहक एवं विधान परिषद के पूर्व विधायक श्री केशवरावजी मानकर ने दोनों छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य श्री के. एस. डोये, पर्यवेक्षक श्री एम. एच. करंडे तथा सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# पानी की टंकी के डिस्मैंटलिंग से निकले कबाड़ का हिसाब दें, तालुका काँग्रेस अध्यक्ष राजू दोनोडे ने की मांग..

जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा नगर पंचायत के अंतर्गत पानी की टंकी का डिस्मैंटलिंग किया गया है। इस दौरान निकले लोहे एवं अन्य स्क्रैप सामग्री की कीमत लाखों रुपये होने का उल्लेख करते हुए,***

इस सामग्री का पूरा हिसाब तथा संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग तालुका कांग्रेस कमेटी ने की है। तालुका कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजू गजानन दोनोडे ने 17 अगस्त 2026 को नगर पंचायत के मुख्याधिकारी को इस संबंध में लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकारी संपत्ति से निकलने वाली स्क्रैप सामग्री को नगर पंचायत के कब्जे में लेकर स्टॉक रजिस्टर अथवा संपत्ति रजिस्टर में दर्ज करना आवश्यक है।

डिस्मैंटलिंग से निकली स्क्रैप सामग्री में से कितनी मात्रा नगर पंचायत में जमा की गई, इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई है। साथ ही स्टॉक रजिस्टर में की गई प्रविष्टि, पंचनामा, वजनकांटे की रसीद, जमा रसीद तथा संबंधित अन्य दस्तावेज निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की गई है। वहीं, यदि उक्त स्क्रैप सामग्री नगर पंचायत में जमा नहीं की गई है अथवा सामग्री गायब या चोरी हुई है, तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, इसकी लिखित जानकारी देने की मांग भी की गई है। इस मामले में यदि नगर पंचायत की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, तो इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए, ऐसी मांग तालुका कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजू गजानन दोनोडे ने की है।

# रवींद्र विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय चोपा के विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में हासिल की सफलता



जगप्रेरणा गोंदिया।

**महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे की ओर से आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में रवींद्र विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय, चोपा के विद्यार्थियों कु. हिमांशी सोमेश्वर पटले एवं पार्थ ओमप्रकाश रहिले ने सफलता हासिल की। इस सफलता के लिए विद्यालय की ओर से प्राचार्य श्री के. एस. डोये एवं पर्यवेक्षक श्री एम. एच. करंडे ने दोनों विद्यार्थियों का सत्कार किया। भवभूति शिक्षण संस्था के कार्यवाहक एवं विधान परिषद के पूर्व विधायक श्री केशवरावजी मानकर ने भी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। दोनों विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य, पर्यवेक्षक एवं सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।**

# भवभूति महाविद्यालय आमगांव में स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न



जगप्रेरणा आमगांव।

***आज 15 अगस्त2026 को स्वतंत्रता दिवस की शुभ अवसर पर भवभूति महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. प्रल्हाद रहांगडाले सभी शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी, और बहुसंख्या विद्यार्थियों ने***

भवभूति महाविद्यालय आमगांव के प्रांगण में ही संचालित एस आई एस ट्रेनिंग सेंटर के सभी सुरक्षा जवानों के संयुक्त तत्वावधान में परेड की सलामी एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सभी उपस्थितों को प्राचार्य डॉ रहांगडाले द्वारा वसंत शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डॉ. किरण मोरे चव्हाण समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित



जगप्रेरणा सालेकसा।

मानवाधिकार रक्षक मंच, नागपुर की ओर से 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आकाशवाणी चौक स्थित ई.एल.सी. चर्च में ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मानवाधिकार रक्षक मंच के ऑल इंडिया वाइस प्रेसिडेंट माननीय सैमुअल तिमुथी के हाथों ध्वजारोहण किया गया।

राष्ट्रगान के पश्चात भारत माता के जयघोष के साथ वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात मंच पर उपस्थित मान्यवरों के हाथों सामाजिक, साहित्यिक, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को 'समाजरत्न पुरस्कार' प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. दिनेश जीपकाटे, डॉ. राजाभाऊ खोब्रागडे, श्री कुलुथुगन, डॉ. वंदना बेंजामिन, रवि नायडू, कैलास येरकर, सुनंदा इंगले सहित सालेकसा की कवयित्री डॉ. सौ. किरण मोरे चव्हाण को भी उपस्थित मान्यवरों के हाथों समाजरत्न पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नागपुर जिला अध्यक्ष विठ्ठलराव गायकवाड़, जिला महिला अध्यक्ष चेतना दुबे, एडवोकेट प्रकाश बेंजामिन, आशिष सिंह, नागपुर शहर अध्यक्ष दीपावली खांडेकर तथा जिला सचिव अश्विन गायकवाड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन आशिष सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन एडवोकेट प्रकाश बेंजामिन ने किया। रूपाताई गायकवाड़, अमोल गायकवाड़, नायडू सर सहित अन्य मान्यवरों का कार्यक्रम को विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



# जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### आखिरकार गोंदिया एपीएमसी में मनमानी के भारी विरोध के चलते

## सभापति भाऊराव उके और उप सभापति राजकुमार पप्पू पटले के खिलाफ एकतरफा अविश्वास प्रस्ताव हुआ पारित..

**18 में से 15 संचालकों ने उपविभागीय अधिकारी चंद्रकांत खंडाईत के समक्ष हाथ उठाकर किया मतदान..**

**प्रक्रिया से नदारद रहे सभापति, उपसभापति और एक अन्य संचालक..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया में कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) गोंदिया में अनेक महीनों से चल रहा सभापति और उपसभापति के अंतविरोंध का आखिरकार अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के साथ ही खात्मा हो गया और एपीएमसी में सभापति के पद पर आसीन विधायक विनोद अग्रवाल के खासमखास माने जाने वाले भाऊराव उके और कांग्रेस नेता राजकुमार ऊर्फ पप्पु पटले को अपनी कुर्सी गंवानी ही पड़ी जानकारी के***

अनुसार मंडी समिति के कुल 18 में से 15 संचालकों ने एक सुर में एकजुटता दिखाते हुए इस अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में अपना निर्णायक मत दिया ज्ञात हो कि मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान के लिए उपविभागीय अधिकारी चंद्रकांत खंडाईत की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक बुलाई गई थी। अधिकारी के समक्ष उपस्थित सभी 15 संचालक तथा संचालिकाओं ने हाथ उठाकर अपना स्पष्ट मतदान किया और भारी बहुमत से सभापति एवं उपसभापति को पदमुक्त करने का फरमान सुनाया गया।

### इन 15 संचालकों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान:

इन तीन सदस्यों की गैरमौजूदगी के बीच, शेष बचे सभी 15 सदस्यों ने अपनी पूरी ताकत और एकजुटता दिखाई। अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में एक साथ खड़े होकर मतदान करने वाले 15 संचालक एवं संचालिकाओं में मुनेश रहांगडाले, धनंजय तुरकर, राजीव ठकरेले, ओमेश्वर चौधरी, चेतनकुमार बहेकार, राधाकृष्ण ठाकुर, सौ. कौशल छत्रपाल तुरकर, सौ. शामकला पाचे, जितेश टेंभरे, पंकज यादव , मुरलीधर नागपुरे, धनलाल ठाकरे, अरुण गजभिये, सुमित भालोटिया, विजय उके इन 15 संचालकों की इस अभूतपूर्व एकजुटता ने सत्ता के सारे समीकरण पूरी तरह से बदल कर रख दिए हैं।

सभापति और उपसभापति के पद से हटाए जाने के बाद अब मंडी समिति के गलियारों में नए नेतृत्व को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### रिश्वत मामले में आरोपी होने के बावजूद अनेक महीनों से पद छोड़ने तैयार नहीं थे सभापति भाऊराव उके..

गोंदिया एपीएमसी के इतिहास में पहली बार किसी सभापति पर आसीन नेता के खिलाफ एंटी करप्शन ने मामला दर्ज किया था। एपीएमसी में अपने कार्यकाल में भाऊराव उके पर मनमानी के संगीन आरोप लग रहे थे, वहीं सभापति को जब समझौते के अनुरुप मिले कार्यकाल का समय खत्म हो गया, तब भी इस्तीफा देने के लिये तैयार नहीं थे, इस स्थिति में विधायक विनोद अग्रवाल एवं कांग्रेस नेता अशोक (गप्पु) गुप्ता के प्रयासों के बावजूद समन्वय की स्थितियां नहीं बनाई जा सकी, तथा विशेष रुप से सभापति उके में कोई बदलाव की स्थितियां भी नहीं बन पाई, इसका परिणाम हुआ कि सभी 15 सदस्य विरोध में तटस्थ रहे, और सभापति भाऊराव उके और राजकुमार पप्पू पटले को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। इस अविश्वास प्रस्ताव में विशेष आश्चर्यजनक यह रहा कि भाजपा के करीबी वे लोग जिन्होंने भाऊराव उके को सभापति बनाने में विशेष भूमिका का निर्वहन किया था, ऐसे पंचायत समिति सभापति मुनेश राहंगडाले भी उके के कार्यो और व्यवहार से नाराज हो चुके थे, जिसका परिणाम हुआ कि भाऊराव उके के खिलाफ विरोध मजबूत होता चला गया, और अविश्वास प्रस्ताव पारित होने से एपीएमसी में सभापति पद पर आसीन भाऊराव उके और उनके साथ ही राजकुमार पप्पु पटले के कार्यकाल का फिलहाल समापन हो गया है।

## चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी को 1 वर्ष तक अच्छे आचरण की हिदायत और 3 हजार रुपये का जुर्माना

जगप्रेरणा गोंदिया।

***मुख्य न्याय दंडाधिकारी, न्यायालय गोंदिया ने चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी राज भिकम देशमुख (20 वर्ष), निवासी कुंभारटोली, गोंदिया को एक वर्ष तक अच्छे आचरण का पालन करने तथा 3,000 रुपये का जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। मामले में शिकायतकर्ता रेखा राधेश्याम मोहनी (46 वर्ष), निवासी कुंभारटोली, वाजपेयी वार्ड, गोंदिया ने 27 अक्टूबर 2022 को शिकायत दर्ज कराई थी।***

शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता का बेटा घर के पास वास्तु पूजन का कार्यक्रम कर रहा था। इसी दौरान आरोपी राज भिकम देशमुख ने शिकायतकर्ता के बेटे के टी-शर्ट को पकड़कर उसे रोकने का प्रयास किया। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके सिर पर चाकू जैसे धारदार हथियार से वार कर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत के आधार पर गोंदिया शहर पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 47/2022 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 324, 504 एवं 506 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच की गई। जांच पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफदोषारोपण पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी राज भिकम देशमुख को दोषसिद्ध पाए जाने पर एक वर्ष तक अच्छे आचरण के लिए 3,000 रुपये के बंधपत्र/दंड की सजा सुनाई गई। मामले की जांच पो.हवा. विवेक यादव, ब.क्र. 287, पुलिस स्टेशन गोंदिया शहर ने की। खटले में सरकारी अभियोक्ता प्रणिता जोशी (कुलकर्णी) ने पैरवी की। न्यायालयीन कामकाज में मपोशी. जे.स्वाल, ब.नं. 449 ने सहयोग किया।

उत्कृष्ट जांच हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनील दरवड़े तथा गोंदिया शहर पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक प्रवीण बारकुटे ने संबंधित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की।

## गोंदिया जिला शतरंज चैंपियनशिप 23 अगस्त को..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिला शतरंज एसोसिएशन की ओर से महाराष्ट्र राज्य शतरंज संघ से संबद्धता के अंतर्गत गोंदिया जिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन रविवार, 23 अगस्त 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर एक साथ तीन शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें ओपन टूर्नामेंट, हाईस्कूल विभाग एवं प्राथमिक विभाग की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। आयोजन भवभूति रंग मंदिर, पुंटाटोली, गोंदिया में सुबह 9.30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धति के आधार पर खेली जाएगी।

प्रतियोगिता में 40 हजार की पुरस्कार राशि तथा 112 पुरस्कार दिये जाएंगे। भाग लेने वालों को मेडल प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक विनोद अग्रवाल के हाथों 9.30 बजे किया जाएगा। आयोजन समिति में डॉ. नितीन कोतवाल, लक्ष्मीशंकर यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी अभय महाल्ले, रवि आर्य, अभय गौतम, मुकेश बाराई, शिखा पिपलेवार, नितीन पुंडे, दिलीप जैन, नियाज शेख सहित जी.डी.सी.ए. के पदाधिकारी शामिल हैं।

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस
ग्रीन नेट / कारपेट्स / ताड़पत्री / डोरमेट्स / ब्लैंकेट्स / बेड शीट्स
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप मे जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

### अपर तहसीलदार, गोंदिया यांचे कार्यालय

नवीन प्रशासकीय इमारत, पहिला माला, जयस्तंभ चौक, गोंदिया

**जाहीरनामा**

प्रस्तुत जाहीरनाम्या द्वारे सर्व जनतेला सुचित करण्यात येते की, अर्जदार श्री राजेश लोकमान सोनी, रा. सिव्हिल लाईन गोंदिया, ता.जि. गोंदिया यांनी त्यांचे/ त्यांची वडील लोकमान गोपीलाल सोनी यांची मृत्यु मौजा सिव्हिल लाईन गोंदिया ता.जि. गोंदिया येथे दिनांक 22/02/2019 झालेला आहे व सदर मृत्युची नोंद निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी कार्यालय, नगर परिषद गोंदिया येथे झालेली नाही। त्यामुळे सदरहू मृत्युची नोंद निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी कार्यालय, नगर परिषद गोंदिया येथे घेण्याकरीता आदेश मिळणेबाबत मृत्यु नोंदणी अधिनियम 1969 चे कलम 13 (3) अंतर्गत या कार्यालयात अर्ज सादर केला आहे। सबब अर्जदार श्री राजेश लोकमान सोनी रा. सिव्हिल लाईन गोंदिया, ता.जि. गोंदिया यांनी त्यांचे/ त्यांचे वडील लोकमान गोपाल सोनी यांची मृत्यु नोंद निबंधक, जन्म मृत्यु नोंदणी कार्यालय, नगर परिषद गोंदिया येथे करण्याचे संबंधात कोणाचेही दावे/ हरकती किंवा हित संबंध असल्यास त्यांनी आपले दावे/हरकती 15 दिवसाच्या आत लेखी स्वरुपात या कार्यालयास सादर करावे। त्यानंतर प्राप्त होणान्या आक्षेप/ हरकतींचा विचार केला जाणार नाही। यांची कृपया नोंद घ्यावी।

श्री श्रीकांत कांबळे
अपर तहसीलदार, गोंदिया

## प्रतिभावान विद्यार्थियो के सत्कार समारोह के साथ श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी में धुमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति, गौरव और उत्साह से ओत-प्रोत 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष सीताराम राधेश्याम अग्रवाल (महालक्ष्मी) की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।***









मुख्य समारोह में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के करकमलों से ध्वजारोहण किया गया। वहीं श्रीमती आनंदी देवी गोपीलाल अग्रवाल इंग्लिश प्राइमरी स्कूल एवं सुपर किड्स, फूलचूर में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद माननीय श्री राजेंद्र जी जैन के करकमलों से ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती एवं बल-बुद्धि के देवता भगवान हनुमान जी की प्रतिमा के पूजन तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य एवं प्रभावशाली भाषणों की प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया।

संस्था के सचिव प्रकाशचंद कोठारी ने अपने उद्बोधन में तिरंगे के महत्व तथा राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी की ओर से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का भव्य एवं गरिमामय सत्कार किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। विशेष रूप से श्री महावीर मारवाड़ी माध्यमिक एवं जूनियर कॉलेज ऑफसाइंस, गोंदिया की कु. राधिका दीपक मुंदड़ा को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए स्वर्गीय श्री राधेश्याम जी मोतीलाल जी खंडेलवाल स्मृति पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी की ओर से आधुनिक लैपटॉप प्रदान किया गया। इसी क्रम में कु. देवयानी लोकचंद पिसोड़े को स्वर्गीय श्री राधेश्याम जी गोपीलाल अग्रवाल की स्मृति में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं के चैतन्य अभिमन्यु तुरकर को स्वर्गीय श्री गुलाबचंद जी कासलीवाल स्मृति पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कक्षा 12वीं की कु. अनन्या अमन भंडारे को स्वर्गीय श्रीमती आनंदी देवी सूरजमल जी अग्रवाल स्मृति पुरस्कार एवं प्रशस्ति चिह्न प्रदान किया गया। गणित विषय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने पर निलेश संजय फंडे को स्वर्गीय श्री कचरूलाल जी नारायणलाल जी अग्रवाल स्मृति पुरस्कार, अंग्रेजी विषय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कु. प्रिंसी राजेश रहांगडाले को श्री गणेश स्टोर्स परिवार की ओर से पुरस्कार, हिंदी विषय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कु. वर्षा महेश प्रजापति को स्वर्गीय श्री नंदकिशोर जी रामकिशन जी मुंदड़ा स्मृति पुरस्कार तथा कु. अलीशा सोहनलाल तुरकर को श्रीमती चारुशीला देवी देवेंद्रलाल जी अग्रवाल स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

हितवाद समाचार पत्र की ओर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कक्षा 12वीं में कु. राधिका दीपक मुंदड़ा (प्रथम), कु. देवयानी पिसोड़े (द्वितीय) एवं कु. साक्षी संजय कुंजवानी (तृतीय) तथा कक्षा 10वीं में चैतन्य अभिमन्यु तुरकर, थॉमस दशरथ तुप्पट एवं यश उत्तम वासनिक को सम्मानित किया गया। राजस्थान इंग्लिश हाई स्कूल से कु. अनन्या अमन भंडारे (प्रथम), तनुश्री वर्मा (द्वितीय) एवं अक्षा छवारे (तृतीय) को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 4 में समायरा बलगे (प्रथम), काव्यांश दीक्षित (द्वितीय) एवं मारिया सैयद (तृतीय); कक्षा 5 से 7 में कु. तृषा शर्मा (प्रथम), कसक बघेले (द्वितीय) एवं प्रिंसी गणवीर (तृतीय) तथा कक्षा 8 से 10 में कु. रुचिता बढ़ाई (प्रथम), दिव्या टांडेकर (द्वितीय), श्रेयांशी पारधी एवं डिंपल दमाहे (तृतीय) को पुरस्कृत किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कु. सिद्धि गहीरवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। याहान खंडारे ने कक्षा 5 की तालुका स्तरीय प्रवीण सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरूरू परीक्षा 2025-26 में कक्षा 8वीं के सागर राजेश लामकासे स्कूल टॉपर रहे। कब-बुलबुल प्रतियोगिता में भूमिका जगदीश मिश्रा, अनुराग दीपक तिवारी एवं लक्ष्य ललित रहांगडाले ने द्वितीय तथा इनायत कुरैशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तालुका स्तरीय परीक्षा में काव्यांश राजेंद्र दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4वीं की छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 में मेहुल देवेंद्र बारापात्रे (प्रथम) एवं मयंक दीपक चिन्दलोरे (द्वितीय) तथा कक्षा 7वीं की छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रणय अरविंद भंडारकर (प्रथम), पीहू जितेंद्र झाड़े (द्वितीय), गौरव झाड़े एवं गौरव हंसराज (तृतीय) तथा द्रोण विक्रम घूसे (चतुर्थ) रहे।

समारोह में संस्था के उपाध्यक्ष किरण कुमार मुंदड़ा, पंडित दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री वेद प्रकाश जी गोयल, सहसचिव श्री श्रीनिवास मुंदड़ा पवन अग्रवाल, प्रकाशचंद खजांची, सुरेश लोहिया, गणेश अग्रवाल, अशोक शर्मा, राजेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, सुशील सिंघानिया, अजय खंडेलवाल, रवि काशीवाल, कृष्णकांत खंडेलवाल, अशोक अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, राहुल सिंघानिया, आशीष खजांची, अनूप अग्रवाल, राजेश व्यास, अभिजीत सोनी सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न विभागों के प्राचार्य अजय शामका, अभिषेक अग्रवाल, पंकज एस. अग्रवाल, मुख्याध्यापिका श्रीमती अर्चना अग्रवाल एवं श्रीमती भारती रहांगडाले, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन कु. पायल वर्मा एवं नेहा तावाड़े मैम ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती भारती रहांगडाले मैम ने किया। समारोह ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, उत्कृष्टता और भारतीय संस्कारों के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया। पूरा परिसर तिरंगे की शान, देशभक्ति के उत्साह और विद्यार्थियों की उपलब्धियों के गौरव से आलोकित रहा।

### न्यायालय तहसीलदार तिरोड़ी

तहसील तिरोड़ी, जिला बालाघाट (म.प्र.)

**इश्तेहार**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम कोसुम्बा प.ह.न. 12 तहसील तिरोड़ी जिला बालाघाट म.प्र. को सूचित किया जाता हे कि आवेदक अंजनाबाई पिता चुड़ामन जाति महार निवासी कोसुम्बा तहसील तिरोड़ी जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा म.प्र.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रश्नाधीन भूमि ग्राम कोसुम्बा प.ह.नं. 12 स्थित भुमि खसरा नंबर 101/1 रकबा क्रमशः - 01076, 0.129 हे. भूमि का बंटवारा अनावेदक आत्माराम, तरासनबाई, निशा, आशाबाई पिता चुड़ामन निवासी कोसुम्बा के मध्य भूमि का बंटवारा किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | हक | लगान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम कोसुम्बा प.ह.नं. 12 | 101/1 | 1.076 | भूमि स्वामी | 3.00 रु. |

उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि पर भूमि का बंटवारा किया जाना है। उक्त भूमि का बंटवारा किये जाने किसी व्यक्ति विशेष को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वे अपनी आपत्ति/ दावा इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक तक पेश कर सकेंगे। नियत तिथी उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 13.08.2026
नियत दिनांक 03.09.2026
स्थान - न्यायालय तहसीलदार तिरोड़ी
न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी..

तहसीलदार
तिरोड़ी

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com